टिप्पणी : कॉलेज को यह अधिकार प्राप्त है कि वह संकाय सदस्यों की उपलब्धता और इसके प्रोफाइल, छात्रों की संख्या, उस समय प्रचलित संरचना और अन्य कारकों पर निर्भर करते हुए विकल्पों में परिवर्तन कर सके। यह बात अन्य पाठ्यक्रमों के लिए भी सत्य होगी।			

संकाय सदस्य:

1	डॉ. (श्रीमती) अनीता श्रीवास्तव	4	डॉ. इंदिवर मिश्रा
2	डॉ. नवीन कुमार (शिक्षक प्रभारी)	5	डॉ. (श्रीमती) मालिनी प्रिया
3	श्री रवि शंकर रवि		

बी.ए. (ऑनर्स) व्यवसाय अर्थशास्त्र **डॉ. राकेश साहनी (शिक्षक प्रभारी)**

बी.ए. (ऑनर्स) व्यवसाय अर्थशास्त्र का अंतर्निहित सिद्धांत व्यवसाय के वैश्वीकरण के बदलते परिदृश्य के साथ बने रहना और आधुनिक व्यवसाय के प्रति आर्थिक साधनों का अनुप्रयोग रहा है। यह कॉलेज छात्रों को व्यावसायिक साधनों और स्नातक स्तर पर भी प्रबंधन सिद्धांतों से लैस करने और अर्थशास्त्र, मात्रात्मक तकनीकों, वित्त, इकोनोमेट्रिक्स, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, कंप्यूटर आदि की पर्याप्त जानकारी प्रदान करने का प्रयास करता है। यह कॉलेज छात्रों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेकर और अनुसंधान पेपर प्रस्तुत करके अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक मंच भी उपलब्ध कराता है। इस पाठ्यक्रम से स्नातक बनने के पश्चात छात्रों को प्राप्त रोज़गार के अवसरों में, कॉरपोरेट घरानों में प्रबंधन प्रशिक्षणार्थी, आंकड़ा विश्लेषक, वित्तीय बाज़ार विश्लेषक, प्रवेश स्तर पर प्रबंधन व्यवसायविद शामिल हैं। इस पाठ्यक्रम में छात्रों को अर्थशास्त्र, प्रबंधन और वित्त में कुछ अध्ययन करने के लिए समर्थ बनाने की भी एक बड़ी गुंजाइश है।

पूरा कार्यक्रम तीन वर्षों में फैला एक एकीकृत 6 सेमेस्टर का मॉड्यूल है और इसमें दाखिला, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली सामूहिक दाखिला परीक्षा के जरिए केंद्रीयकृत है।

पाठ्यक्रम संरचना एवं सेमेस्टर-वार आबंटन

(पाठ्यक्रम संरचना और सेमेस्टर-वार पाठ्यक्रम आबंटन जो जुलाई, 2019 से कार्यान्वित किया जाना है, संशोधनाधीन है और इसे विश्वविद्यालय प्राधिकारियों द्वारा पारित कर दिए जाने पर अलग से अधिसूचित किया जाएगा)

पेपर (सेमेस्टर-1) (सीबीसीएस)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेसमेस्टर-2) (सीबीसीएस)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
अंग्रेजी/हिंदी भाषा	एईसीसी-1, अनिवार्य	पर्यावरणीय विज्ञान	एईसीसी-2, अनिवार्य
सूक्ष्म अर्थशास्त्र और अनुप्रयुक्त-।	सी1, कोर विधा	सूक्ष्म अर्थशास्त्र और अनुप्रयुक्त-।।	सी3, प्रमुख विधा
प्रबंधकों के लिए लेखांकन प्रमुख विधा	सी2, प्रमुख विधा	व्यवसाय अर्थशास्त्र के लिए गणित	सी4, प्रमुख विधा
जेनरिक ऐच्छिक/ अंतर्विधा पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	जी1, जेनरिक ऐच्छिक	जेनरिक ऐच्छिक/ अंतर्विधा पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	जी2, जेनरिक ऐच्छिक
पेपर (सेमेस्टर-3) (सीबीसीएस)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेसमेस्टर-4) (सीबीसीएस)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
सूक्ष्म अर्थशास्त्र और अनुप्रयुक्त-।	सी5, प्रमुख विधा	सूक्ष्म अर्थशास्त्र और अनुप्रयुक्त-।।	सी8, प्रमुख विधा
व्यवसाय अर्थशास्त्र के लिए सांख्यिकी	सी6, प्रमुख विधा	मौलिक इगनोमेट्रिक्स	सी9, प्रमुख विधा
कॉरपोरेट वित्त	सी7, प्रमुख विधा	विपणन प्रबंधन	सी10, प्रमुख विधा
जेनरिक ऐच्छिक/ अंतर्विधा पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	जी3, जेनरिक ऐच्छिक	जेनरिक ऐच्छिक/ अंतर्विधा पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	जी4, जेनरिक ऐच्छिक
कौशलवर्धन पाठ्यक्रमों (एसईसी) सेट ए की सूची में से कोई एक	एसईसी-।, कौशल वर्धन पाठ्यक्रम	कौशलवर्धन पाठ्यक्रमों (एसईसी) सेट बी की सूची में से कोई एक	एसईसी-।।, कौशल वर्धन पाठ्यक्रम

पेपर (सेमेस्टर-5) (सीबीसीएस)	पाठ्यक्रम का प्रकार	पेपर (सेसमेस्टर-6) (सीबीसीएस)	पाठ्यक्रम का प्रकार
प्रबंधन के लिए मात्रात्मक तकनीकें	सी11, प्रमुख विधा	अंतर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र	सी13, प्रमुख विधा
संगठन व्यवहार	सी12, प्रमुख विधा	व्यवसाय के कानूनी पहलू	सी14, प्रमुख विधा
समूह क विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	डीएसई, ऐच्छिक-I	समूह ख* विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	डीएसई, ऐच्छिक-III
समूह क विधि विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	डीएसई, ऐच्छिक-II	समूह ख* विधि विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	डीएसई, ऐच्छिक-IV

*समूह ख विधा ऐच्छिक पेपरों में से एक के बदले परियोजना कार्य/शोध निबंध

विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों (डीएसई) की सूची

कोई छात्र कोई चार पेपर, समूह क और समूह ख में से प्रत्येक से दो-दो चुनने के लिए स्वतंत्र होगा।

समूह क

1. आर्थिक वृद्धि और विकास
2. औद्योगिक अर्थषास्त्र
3. निवेश और जोखिम प्रबंधन
4. व्यवसाय अर्थशास्त्र में अनुसंधान पद्धति

समूह ख

1. भारतीय अर्थव्यवस्था
2. पर्यावरणीय अर्थशास्त्र
3. भारतीय वित्तीय बाज़ार और सेवाएं
4. विज्ञापन और उपभोक्ता व्यवहार

कौशल वर्धन पाठ्यक्रमों (एसईसी) की सूची

सेट क

1. उद्यमिता कौशल
2. आरंभिक अनुसंधान पद्धितयां

सेट ख

3. अनुप्रयुक्त इकोनोमेट्रिक्स
4. आंकड़ा आधार और सांख्यिकीय पैकेज

सामान्य ऐच्छिक पेपरों - अंतरविधा की सूची

जीई 1 - माइक्रो अर्थशास्त्र

जीई 2 - मेक्रो अर्थशास्त्र

जीई 3 - वित्त और इसके अनुप्रयोगों के मूलभूत सिद्धांत

जीई 4 - विपणन प्रबंधन का परिचय

टिप्पणी : कॉलेज को यह अधिकार प्राप्त है कि वह संकाय सदस्यों की उपलब्धता और इसके प्रोफाइल, छात्रों की संख्या, उस समय प्रचलित संरचना और अन्य कारकों पर निर्भर करते हुए विकल्पों (जीई, डीएसई और एसईसी पेपरों के मामले में) में परिवर्तन कर सके। यह बात अन्य पाठ्यक्रमों के लिए भी सत्य होगी।

व्यवसाय अर्थशास्त्र विभाग के क्रियाकलाप

- **संगोष्ठियां और कार्यशालाएं :** नियमित संगोष्ठियां और कार्यशालाएं विभाग का एक अभिन्न भाग है। यह विभाग समसामयिक मुद्दों और समस्याओं पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए उद्योग और शैक्षिक जगत के विशेषज्ञों को आमंत्रित करता है।
- **औद्योगिक दौरे :** औद्योगिक वातावरण के वास्तविक कार्यचालन में छात्रों को अनुभव प्रदान करने की दृष्टि से यह विभाग स्थानीय और बाहर के स्थानों दोनों के औद्योगिक दौरे आयोजित करता है।
- **प्लेसमेंट और ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण :** सेमेस्टर-IV के अंत में छात्रों को यह विकल्प प्राप्त है कि वे किसी व्यवसाय, वाणिज्यिक, आर्थिक या अनुसंधान संगठन में 6 से 8 सप्ताह की अवधि का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। इस विभाग में एक प्लेसमेंट दल है, जिसका कार्य प्लेसमेंट ब्रोशर तैयार करना और छात्रों को स्वीकार करने की इच्छुक कंपनियों की तलाश करना है।
- **छात्र परियोजनाओं के लिए अनुसंधान मार्गदर्शन :** छात्रों को अनुसंधान परियोजनाएं चलाने और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में अनुसंधान पेपर प्रस्तुत करने के लिए संकाय सदस्यों द्वारा अनुसंधान मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। इस विभाग के छात्रों ने अब तक सम्मेलनों में 50 से अधिक अनुसंधान पेपर प्रस्तुत किए हैं, उनके क्रेडिट पर 35 प्रकाशन हैं और उन्होंने कॉलेज तथा विश्वविद्यालय का नाम रोशन करते हुए अनेक अनुसंधान पेपर अवार्ड जीते हैं।

बी.ए. (ऑनर्स) व्यवसाय अर्थशास्त्र में दाखिले के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा

बी.ए. (ऑनर्स) व्यवसाय अर्थशास्त्र कार्यक्रम में दाखिला, बीएमएस/बीबीए (एफआईए) और बी.ए. (ऑनर्स) व्यवसाय अर्थशास्त्र पाठ्यक्रमों के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए जाने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा द्वारा किया जाता है। इस कार्यक्रम के लिए भारांश सभी श्रेणियों के लिए होगा: लिखित परीक्षा : 65 प्रतिशत

और 12वीं का परिणाम : 35 प्रतिशत। 12वीं कक्षा में चार विषयों में, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोस्पेक्टस में सारणी क से दो विषय और (क) गणित (ख) अंग्रेजी शामिल होने चाहिए।

बी.ए. (ऑनर्स) व्यवसाय अर्थशास्त्र कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत सूचना दिल्ली विश्वविद्यालय की वेबसाइट: www.du.ac.in से प्राप्त की जा सकती है।

संकाय सदस्य

1.	डॉ. राकेश साहनी (शिक्षक प्रभारी)	3.	डॉ. ललित कुमार
2.	श्रीमती प्रतिभा वर्मा	4.	श्रीमती सुनीता चाकी (व्याख्याता)

बी.ए. (विशेष) हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार **डॉ. विजेंद्र कुमार (शिक्षक प्रभारी, हिंदी विभाग)**

सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में संचार माध्यमों का विशिष्ट महत्व है। निरंतर बढ़ रहे न्यूज़ चैनलों एवं समाचार पत्र-पत्रिकाओं तथा वेब पत्रकारिता के चलते इस क्षेत्र में रोज़गार की व्यापक संभावनाएं हैं। पत्रकारिता की स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात हमारे कई विद्यार्थी दूरदर्शन, लोक सभा टीवी, राज्य सभा टीवी, एबीपी न्यूज, इंडिया न्यूज, आकाशवाणी, बीबीसी एवं विविध एफएम चैनलों, नवभारत टाइम्स, दैनिक हिंदुस्तान, पंजाब केसरी, अमर उजाला, दैनिक जागरण और दैनिक भास्कर आदि में कार्यरत हैं।

तीन वर्षीय (6 सेमेस्टर) सीबीसीएस कार्यक्रम : पाठ्यक्रम संरचना और सेमेस्टर-वार आबंटन

पेपर (सेमेस्टर-1) (सीबीसीएस)	पाठ्यक्रम का प्रकार	पेपर (सेमेस्टर-2) (सीबीसीएस)	पाठ्यक्रम का प्रकार
पर्यावरण विज्ञान	एईसीसी-1, अनिवार्य	हिंदी/अंग्रेजी भाषा	एईसीसी-2, अनिवार्य
जनसंचार माध्यम	(प्रमुख विधा-1)	जनसंचार माध्यमों की भाषा	(प्रमुख विधा-3)
हिंदी पत्रकारिता का	(प्रमुख विधा-2)	समाचार की अवधारणा	(प्रमुख विधा-4)

इतिहास		और रिपोर्टिंग	
(क) संस्कृति, साहित्य और मीडिया अथवा (ख) फोटो पत्रकारिता	(जेनरिक ऐच्छिक, कोई एक)	(क) फिल्म अध्ययन अथवा (ख) सोशल मीडिया	(जेनरिक ऐच्छिक, एक)
(सेमेस्टर-3) (सीबीसीएस)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेमेस्टर-4) (सीबीसीएस)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
मध्यस्थता और आचार संहिता	(प्रमुख विधा-5)	न्यू मीडिया	(प्रमुख विधा-8)
संपादन	(प्रमुख विधा-6)	टेलीविज़न	(प्रमुख विधा-9)
रेडियो	(प्रमुख विधा-7)	विकास पत्रकारिता	(प्रमुख विधा-10)
(क) राजनीति, विचारधारा और हिंदी मीडिया अथवा (ख) मीडिया प्रोडक्शन	(जेनरिक ऐच्छिक, कोई एक)	(क) पटकथा लेखन अथवा (ख) संचार क्रांति, वैश्विक परिदृश्य और हिंदी मीडिया	(जेनरिक ऐच्छिक, एक)
(क) मुद्रित माध्यमों की पृष्ठसज्जा अथवा (ख) रेडियो कार्यक्रम और निर्माण	(कौशल वर्धन पाठ्यक्रम, कोई एक)	(क) डाक्यूमेंटरी निर्माण अथवा (ख) टेलीविजन कार्यक्रम: निर्माण की प्रक्रिया	(कौशल वर्धन पाठ्यक्रम, कोई एक)
पेपर (सेमेस्टर-5) (सीबीसीएस)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेमेस्टर-6) (सीबीसीएस)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
मीडिया शोध	(प्रमुख विधा-11)	विज्ञापन और जनसंपर्क	(प्रमुख विधा-13)
मीडिया लेखन और समाचारपत्र निर्माण	(प्रमुख विधा-12)	परियोजना कार्य	(प्रमुख विधा-14)
हाशिये का समाज, अस्मिता विमार्श और हिंदी मीडिया	(विधा विशिष्ट ऐच्छिक-1)	मीडिया प्रबंधन	(विधा विशिष्ट ऐच्छिक-3)
जनमाध्यमों की सैद्धांतिकी	(विधा विशिष्ट ऐच्छिक-2)	हिंदी पत्रकारिता के आयाम	(विधा विशिष्ट ऐच्छिक-4)
• एक अनिवार्य प्रश्नपत्र : आधुनिक भारतीय भाषा - संचार/अंग्रेजी • एक अनिवार्य प्रश्नपत्र : पर्यावरण विज्ञान • कुल प्रश्नपत्र - 26			

टिप्पणी : कॉलेज को यह अधिकार प्राप्त है कि वह संकाय सदस्यों की उपलब्धता और इसके प्रोफाइल, छात्रों की संख्या, उस समय प्रचलित संरचना और अन्य कारकों पर निर्भर करते हुए विकल्पों में परिवर्तन कर सके।

संकाय सदस्य :

1.	डॉ. एम.एस. वत्स	8.	डॉ. (श्रीमती) शशि रानी
2.	डॉ. (सुश्री) ममता वालिया	9.	डॉ. आर.पी. द्विवेदी (शिक्षक प्रभारी)
3.	डॉ. श्रीमती चित्रा रानी	10.	डॉ. प्रदीप कुमार सिंह
4.	श्रीमती रजनी	11.	डॉ. (श्रीमती) कुसुम नेहरा
5.	डॉ. राजेंद्र प्रसाद	12.	डॉ. ओम मिश्रा
6.	डॉ. नीरव अदलजा	13.	डॉ. धनंजय कुमार
7.	डॉ. बिजेंद्र कुमार	14.	डॉ. राजबीर वत्स

बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य : डॉ. वी.पी. सिंह (शिक्षक प्रभारी)

सामाजिक कार्य 1995 में दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा आरंभ किया गया एक व्यावसायिक पाठ्यक्रम है, हमारा कॉलेज इस पाठ्यक्रम को आरंभ करने वाला पहला कॉलेज है। सामाजिक कार्य की शिक्षा में क्लासरूम अध्यापन और फील्ड कार्य प्रैक्टिकम शामिल है। क्लासरूम अध्यापन छात्रों को सामाजिक कार्य में हस्तक्षेप के लिए अपेक्षित कौशल तथा सिद्धांतों से अवगत कराने और जनतांत्रिक तथा मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने के जरिए छात्रों के व्यक्तित्व विकास के प्रति निर्देशित है। फील्ड कार्य प्रैक्टिकम में संगठनात्मक और सामुदायिक आधारित पद्धति शामिल है, जिसके द्वारा छात्र कल्याण, विकास और सशक्तीकरण उन्मुखी कार्यक्रमों के साथ कार्य करना सीखते हैं। यह पाठ्यक्रम युवा छात्रों को उभरते सामाजिक सरोकारों, असुरक्षित समूहों के मुद्दों, समुचित कार्यक्रम प्लानिंग तथा इसके कार्यान्वयन की गहन समझबूझ प्रदान करने के लिए बनाया गया है।

इस पाठ्यक्रम को पूरा करने के पश्चात सामाजिक कार्य के छात्रों के पास स्कूलों, अस्पतालों, कॉरपोरेट, कानूनी प्रणाली जैसे पारिवारिक न्यायालयों, महिलाओं के विरुद्ध अपराध सेल जैसी विभिन्न व्यवस्थाओं में सरकारी और गैर-सरकारी सेक्टरों में रोज़गार के अवसर होंगे। छात्र, परिवार एवं बाल कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा, युवा कल्याण, ग्रामीण और शहरी विकास, पर्यावरण एवं अनुसंधान में अपना कॅरियर चुन सकते हैं। यह उन छात्रों के लिए एक आदर्श पाठ्यक्रम है जो मानवाधिकारों और सामाजिक न्याय की उनकी आवश्यकता का प्रत्युत्तर देते हुए समाज के सीमांतक वर्गों के जीवन में सुधार करने और विकास प्रक्रिया का एक भाग बनने की चुनौती स्वीकार करने के इच्छुक हैं।

दाखिला प्रक्रिया : इस पाठ्यक्रम में दाखिला दिल्ली विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों के अनुसार कॉलेज की वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित कट ऑफ के जरिए मेरिट आधार पर किया जाएगा।

पाठ्यक्रम की अवधि : 3 वर्ष (6 सेमेस्टर) (सीबीसीएस कार्यक्रम)

पाठ्यक्रम संरचना और सेमेस्टर-वार पेपर आबंटन

पेपर (सेमेस्टर-1) (सीबीसीएस)	पाठ्यक्रम का प्रकार	पेपर (सेमेस्टर-2) (सीबीसीएस)	पाठ्यक्रम का प्रकार
अंग्रेजी/हिंदी भाषा	एईसीसी-1, अनिवार्य	पर्यावरणीय विज्ञान	एईसीसी-2, अनिवार्य
एसडब्ल्यू 101, सामाजिक कार्य के मूलभूत सिद्धांत	सी-1, प्रमुख विधा	एसडब्ल्यू 201, समसामयिक सामाजिक सरोकार	सी-3, प्रमुख विधा
एसडब्ल्यू 101, सामाजिक कार्य के लिए समाज का परिचय	सी-2, प्रमुखा विधा	एसडब्ल्यू 102, सामाजिक कार्य के मनोविज्ञान की समझबूझ	सी-4, प्रमुख विधा
जेनरिक ऐच्छिक/ अंतर-विधा पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	जी-1, जेनरिक ऐच्छिक	जेनरिक ऐच्छिक/ अंतर-विधा पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	जी-2, जेनरिक ऐच्छिक

फील्ड कार्य	एफडब्ल्यू 1	फील्ड कार्य	एफडब्ल्यू 2
पेपर (सेमेस्टर-3) (सीबीसीएस)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेमेस्टर-4) (सीबीसीएस)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
एसडब्ल्यू 301 व्यक्तियों के साथ कार्य करना	सी-5, प्रमुख विधा	एसडब्ल्यू 401 समुदायों के साथ कार्य करना	सी-8, प्रमुख विधा
एसडब्ल्यू 302 समूहों के साथ कार्य करना	सी-6, प्रमुख विधा	एसडब्ल्यू 402 सामाजिक कार्य का सामाजिक मनोविज्ञान	सी-9, प्रमुख विधा
एसडब्ल्यू 303 विशेष विपथन और सामाजिक समस्याएं	सी-7, प्रमुख विधा	एसडब्ल्यू 403 सामाजिक कार्य की पद्धति के क्षेत्र	सी-10, प्रमुख विधा
जेनरिक ऐच्छिक/ अंतर-विधा पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	जी-3, जेनरिक ऐच्छिक	जेनरिक ऐच्छिक/ अंतर-विधा पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	जी-4, जेनरिक ऐच्छिक
कौशल वर्धन पाठ्यक्रम (एसईसी) की सूची में से कोई एक (क) विकास के लिए संसूचन (ख) सामाजिक कार्य में कार्यक्रम मीडिया	एसईसी-I, कौशल वर्धन पाठ्यक्रम	कौशल वर्धन पाठ्यक्रम (एसईसी) की सूची में से कोई एक (क) कार्यक्रम मीडिया का अनुप्रयोग (ख) फील्ड कार्य पद्धति का कौशल और तकनीक	एसईसी-II, कौशल वर्धन पाठ्यक्रम
फील्ड कार्य	एफडब्ल्यू-3	फील्ड कार्य	एफडब्ल्यू-4
पेपर (सेमेस्टर-5) (सीबीसीएस)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेमेस्टर-6) (सीबीसीएस)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
एसडब्ल्यू 501 सामाजिक नीति और विकास	सी-11, प्रमुख विधा	एसडब्ल्यू 601 सामाजिक कल्याण प्रशासन	सी-13, प्रमुख विधा
एसडब्ल्यू 502 सामाजिक कार्य और अभियान	सी-12, प्रमुख विधा	एसडब्ल्यू 602 सामाजिक कार्य में अनुसंधान	सी-14, प्रमुख विधा

विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	डीएसई, ऐच्छिक-I	विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	डीएसई, ऐच्छिक-III*
विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	डीएसई, ऐच्छिक-II	विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	डीएसई, ऐच्छिक-IV*
फील्ड कार्य	एफडब्ल्यू 5	फील्ड कार्य	एफडब्ल्यू 6
विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों (डीएसई) की सूची : कोई छात्र कोई चार पेपर चुनने के लिए स्वतंत्र होगा: 1. सामाजिक विधान और मानव अधिकार 2. स्वास्थ्य और सामाजिक कार्य 3. आपदा में सामाजिक कार्य हस्तक्षेप 4. सामाजिक सरोकारों के प्रति सामाजिक कार्य प्रत्युत्तर 5. भिन्न-भिन्न स्थापनाओं में सामाजिक कार्य पद्धति 6. गैर-सरकारी संगठन प्रबंधन 7. सामाजिक कार्य पद्धति में परामर्श कौशल		**कौशल वर्धन पाठ्यक्रमों (एसईसी) की सूची:** (क) विकास के लिए संसूचन (ख) सामाजिक कार्य में कार्यक्रम मीरडिया (ग) कार्यक्रम मीडिया का अनुप्रयोग (घ) फील्ड कार्य पद्धति का कौशल और तकनीक	
टिप्पणी : कॉलेज को यह अधिकार प्राप्त है कि वह संकाय सदस्यों की उपलब्धता और इसके प्रोफाइल, छात्रों की संख्या, उस समय प्रचलित संरचना और अन्य कारकों पर निर्भर करते हुए विकल्पों में परिवर्तन कर सके।			

फील्ड कार्य प्रैक्टिकम के संघटक :

क. अभिमुखीकरण कार्यक्रम : सम्वर्ती फील्ड कार्य आरंभ करने से पहले सेमेस्टर-1, सेमेस्टर-3 और सेमेस्टर-5 के पाठ्यक्रम के प्रारंभ में तीन दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कल्याण एजेंसियों/ समुदायों में अभिमुखीकरण दौरे, अभिमुखीकरण कार्यक्रम का एक अभिन्न अंग होगा।

ख. अभिमुखीकरण दौरे : छात्रों को सामाजिक समस्याओं के प्रति सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा की गई पहलों के बारे में जानने की दृष्टि से

विभिन्न एजेंसियों/ सामुदायिक स्थापनाओं के कार्यचालन का अवलोकन करने और उनके दौरे करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

ग. **सम्वर्ती फील्ड कार्य :** सम्वर्ती फील्ड, कार्य सभी तीन वर्षों के सभी सेमेस्टरों (सम और विषम दोनों में) के आरंभ से ही सिद्धांत के पेपरों के क्लासरूम अध्यापन के साथ-साथ किया जाना आवश्यक होगा और परीक्षाओं के आरंभ होने से पहले तैयारी की छुट्टी तक जारी रहेगा। सम्वर्ती फील्ड कार्य करने के लिए छात्रों को एक सप्ताह में दो दिन आबंटित किए जाएंगे। प्रत्येक छात्र के लिए न्यूनतम 15 घंटे (रिपोर्ट लेखन सहित) प्रति सप्ताह सम्वर्ती कार्य किया जाना आवश्यक होगा।

घ. **ग्रामीण शिविर :** सामाजिक-आर्थिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक स्थितियों तथा ग्रामीण जीवन की समस्याओं के बारे में छात्रों को अनुभव प्रदान करने के लिए तीसरे वर्ष के सेमेस्टर-5/6 (वरीयत: सेमेस्टर-5 के छात्रों को) के छात्रों के लिए पांच दिवसीय ग्रामीण शिविर आयोजित किया जाएगा।

ङ. **ब्लॉक फील्ड कार्य :** तीसरे वर्ष के सेमेस्टर-6 के अंत में छात्रों के लिए यह आवश्यक होगा कि वे दिल्ली में या दिल्ली से बाहर किसी सामाजिक कल्याण एजेंसी में चार सप्ताह का ब्लॉक फील्ड कार्य प्रशिक्षण प्राप्त करें। इसे नियोजन-पूर्व अनुभव के रूप में अधिक माना जाता है। बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य डिग्री प्रदान किए जाने के लिए ब्लॉक फील्ड कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करना अनिवार्य है।

च. **कौशल विकास कार्यशालाएं :** कौशल विकास कार्यशाला एक ऐसा मंच है, जिसमें मूल्यों, सिद्धांतों, पद्धतियों, तकनीकों, साधनों आदि को व्यावहारिक कौशलों में रूपांतरित किया जाता है अर्थात् 'कार्य करते हुए सीखना'।

टिप्पणी : सम्वर्ती फील्ड कार्य में 80% (अस्सी प्रतिशत) उपस्थिति और सिद्धांत की कक्षाओं में 75% (पचहत्तर प्रतिशत) उपस्थिति अनिवार्य है। यदि उस सेमेस्टर, जिसमें वह पढ़ रहा/रही है, के अंत तक किसी छात्र द्वारा फील्ड कार्य और उसके

संघटकों के अपेक्षित घंटे पूरे नहीं किए जाते हैं, तो कॉलेज पर्यवेक्षक/ अनुदेशक द्वारा छात्र के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन 'अनुत्तीर्ण' अनुशंसा के साथ किया जाएगा। फील्ड कार्य मूल्यांकन में 'अनुत्तीण' अनुशंसा प्राप्त करने के पश्चात छात्र को सिद्धांत और फील्ड कार्य दोनों में 'अनुत्तीर्ण हो गया' माना जाएगा।

संकाय सदस्य :

1.	डॉ. वी.पी. सिंह (शिक्षक प्रभारी)	5.	डॉ. अतुल प्रताप सिंह
2.	डॉ. अवतार सिंह	6.	डॉ. तुष्टि भारद्वाज
3.	डॉ. (श्रीमती) रिचा चौधरी	7.	डॉ. बिष्णु मोहदाश
4.	डॉ. संगीता शर्मा धाओर	8.	डॉ. रविन्द्र सिंह

2. अध्ययन के अन्य पाठ्यक्रम

बी.ए. (ऑनर्स) हिंदी **डॉ. बिजेंद्र कुमार (शिक्षक प्रभारी, हिंदी विभाग)**

बी.ए. (ऑनर्स) हिंदी पाठ्यक्रम सत्र 2017-18 में महाविद्यालय में प्रारंभ हुआ। हिंदी साहित्य और रचनात्मक लेखन (रेडियो, टेलीविजन, पत्र-पत्रिका, न्यू मीडिया एवं सिनेमा आदि) में अभिरुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए यह पाठ्यक्रम एक अवसर प्रदान करता है। यह पाठ्यक्रम हिंदी में शोध एवं अध्ययन का एक सोपान है।

प्रश्नपत्रों का क्रम इस प्रकार होगा:

पेपर (सेमेस्टर-1)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेमेस्टर-2)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
	एईसीसी-1, अनिवार्य		एईसीसी-2, अनिवार्य
हिंदी भाषा और उसकी लिपि का इतिहास	सी-1, प्रमुखा विधा	हिंदी साहित्य का इतिहास (आदि काल और मध्य काल)	सी-3, प्रमुख विधा
हिंदी कविता (आदि काल एवं भक्तिकालीन काव्य)	सी-2, प्रमुख विधा	हिंदी कविता (रीतिकालीन काव्य)	सी-4, प्रमुख विधा
लोकप्रिय साहित्य अथवा हिंदी सिनेमा	जी-1, जेनरिक ऐच्छिक	रचनात्मक लेखन अथवा पटकथा तथा	जी-2, जेनरिक ऐच्छिक

और उसका अध्ययन		संवाद लेखन	
पेपर (सेमेस्टर-3)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेमेस्टर-4)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
हिंदी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल)	सी-5, प्रमुख विधा	भारतीय काव्य शास्त्र	सी-8, प्रमुख विधा
हिंदी कविता (आधुनिक काल छाया वाद तक्)	सी-6, प्रमुख विधा	हिंदी कविता (छायावाद के बाद)	सी-8, प्रमुख विधा
हिंदी कहानी	सी-7, प्रमुख विधा	हिंदी उपन्यास	सी-10, प्रमुख विधा
हिंदी में व्यावहारिक अनुवाद अथवा भाषा और समाज	जी-3, जेनरिक ऐच्छिक	हिंदी का वैश्विक परिदृश्य अथवा भाषा शिक्षण	जी-4, जेनरिक ऐच्छिक
पेपर (सेमेस्टर-5)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेमेस्टर-6)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
पाश्चात्य काव्य शास्त्र	सी-11, प्रमुख विधा	हिंदी आलोचना	सी-13, प्रमुख विधा
हिंदी नाटक/ एकांकी	सी-12, प्रमुख विधा	हिंदी निबंध और अन्य गद्य विधाएं	सी-14, प्रमुख विधा
हिंदी की मौखिक और लोक साहित्य परम्परा अथवा अस्मितामूलक विमर्श और हिंदी साहित्य अथवा भारतीय एवं पाश्चात्य रंगमंच सिद्धांत	एचडीएसईसी	लोक नाट्य अथवा हिंदी की भाषिक विविधताएं अथवा भारतीय साहित्य पाठ-परक अध्ययन	एचडीएसईसी
हिंदी भाषा का व्यावहारिक व्याकरण अथवा कोश विज्ञान : शब्द कोश और विश्व कोश अथवा भारतीय साहित्य की संक्षिप्त रूपरेखा	एचडीएसईसी	शोध प्रविधि अथवा अवधारणात्मक साहित्यिक पद अथवा रंगमंच	एचडीएसईसी
हिंदी कौशल-संवर्धक ऐच्छिक पाठ्यक्रम कोई 2 : क और ख वर्ग में से एक - एक का चयन			
सेमेस्टर-3 (क) 1. विज्ञान और हिंदी भाषा		सेमेस्टर 4 (ख) 1. कार्यालयीय हिंदी	

2. कंप्यूटर और हिंदी भाषा 3. सोशल मीडिया 4. अनुवाद कौशल	2. भाषायी दक्षता : समझ और संभाषण 3. भाषा और समाज
टिप्पणी : कॉलेज को यह अधिकार प्राप्त है कि वह संकाय सदस्यों की उपलब्धता और इसके प्रोफाइल, छात्रों की संख्या, उस समय प्रचलित संरचना और अन्य कारकों पर निर्भर करते हुए विकल्पों में परिवर्तन कर सके।	

संकाय सदस्य : कृपया बी.ए. (ऑनर्स) हिंदी देखें।

बी.ए. (ऑनर्स) भूगोल **डॉ. मोहम्मद रियाजुद्दीन खान (शिक्षक प्रभार)**

एक विषय के रूप में भूगोल को खगोल और समय पर मानव क्रियाकलाप और संसाधन वितरण में पैटर्न, पृथ्वी के धरातल के परिवर्तनीय स्वरूप की समझबूझ माना जाता है। भूगोल में मानचित्रकला, पृथ्वी सतह की विशेषता के व्यवस्थित निरूपण, दूरस्थ संवेदीकरण और भू-गर्भीय सूचना प्रणाली (जीआईएस), जिसमें मानचित्रण, परियोजना प्लानिंग, निर्णय लेने और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, मानव एवं पर्यावरणीय मुद्दों तथा आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में पर्याप्त अवसरों की गुंजाइश उपलब्ध कराता है, का अध्ययन किया जाता है। इन मुद्दों का अध्ययन छात्रों को स्थायी भविष्य के लिए कारणों, समस्याओं और संभावित समाधान की समझबूझ प्रदान करता है। इस विषय का गहन ज्ञान छात्रों को हॉलिस्टिक रूप में विचार करने में समर्थ बनाता है और महासागर-विज्ञान, दूरस्थ संवेदीकरण, मानचित्रण और सर्वेक्षणों, मौसम-विज्ञान, शहरी अध्ययनों, क्षेत्रीय आयोजना जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कॅरियर विकल्पों में विस्तार करता है। फील्ड कार्य और अनुसंधान पद्धति पर प्रयोगात्मक पेपर को आंशिक रूप से पूरा करने के लिए IV सेमेस्टर के छात्रों के लिए भूगोल विभाग द्वारा एक अनिवार्य फील्ड दौरा आयोजित किया जाता है। यह फील्ड दौरा भूगोल में एक अभिन्न संघटक है। यह भौतिकी, सामाजिक-सांस्कृतिक और किसी स्थान पर चल रही आर्थिक प्रक्रियाओं की प्रत्यक्ष और गहन समझबूझ प्रदान करता है। भूगोल विभाग जियो क्विज, निबंध लेखन, पोस्टर बनाने, वाद-विवाद,

मानचित्र क्वाइंटिंग, स्किट आदि जैसे अनेक क्रियाकलाप आयोजित करके इस विषय की समझबूझ और जागरूकता प्रदर्शित करने हेतु छात्रों के लिए एक अंतर-कॉलेज भूगोल-फेस्ट 'भू-चेतना' भी आयोजित करता है। हर वर्ष वाद-विवाद वाले सर्वोत्तम दल को एक अंतर-कॉलेज ट्रॉफी 'आर्यभट्ट' प्रदान की जाती है। यह विभाग भूगोल के संबंधित क्षेत्रों में विशिष्ट विद्वानों द्वारा व्याख्यान और वार्ता भी आयोजित करता है।

इसके अलावा, छात्रों को कार्यक्षेत्र में तकनीकी समझबूझ और अनुभव प्रदान करने के लिए दूरस्थ संवेदीकरण और जीआईएस कार्यशालाएं भी आयोजित की जाती हैं। इस विभाग ने सत्र 2018-19 के दौरान एक ऐलुमनाई क्लब भी बनाया है। भूगोल विभाग को अप्रैल, 2019 में आईआईआरएस आउटरीच नेटवर्क के नेटवर्क संस्थान के रूप में भी स्वीकार किया गया है। हमारे कॉलेज के छात्रों को दूरस्थ संवेदीकरण, जीआईएस और जीएनएसएस प्रौद्योगिकियों तथा उनके अनुप्रयोगों के क्षेत्र में आईआईआरएस का उत्प्रेरक ज्ञानार्जन अनुभव प्राप्त होगा।

भूगोल के अध्ययन में आयाम और दायरा

- **मानचित्रकला** : यह पृथ्वी के धरातल की विशेषताओं का एक व्यवस्थित प्रस्तुतीकरण है। छात्र प्राकृतिक, सामाजिक-सांस्कृतिक और आर्थिक कारकों को प्रदर्शित करते हुए मानचित्र बनाने की कला और विज्ञान सीखते हैं।
- **दूरस्थ संवेदीकरण और भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस)** : प्रौद्योगिकी में हुई वृद्धि ने आंकड़ा अधिग्रहण और विश्लेषण में भूगोलवेत्ताओं के कार्य में अत्यधिक सहायता पहुंचाई है। दूरस्थ संवेदीकरण और जीआईएस का अध्ययन, मानचित्रण, परियोजना प्लानिंग, निर्णय लेने और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में अत्यधिक अवसरों की गुंजाइश उपलब्ध कराता है।
- **मानव और पर्यावरण :** मानव विकास के कारण पर्यावरण में निरंतर परिवर्तन हो रहा है। इनमें से अनेक परिवर्तन मानव तथा पर्यावरण दोनों के लिए हानिकारक हैं। इनमें से कुछ हैं: वैश्विक तापन, प्रदूषण, प्राकृतिक संसाधन का

अवशेषण, अपशिष्ट निपटान, जलवायु परिवर्तन, जैव-विविधता की क्षति और खाद्य असुरक्षा। इन मुद्दों का अध्ययन छात्रों को एक स्थायी भविष्य के लिए कारणों, समस्याओं और संभावित समाधान की समझ प्रदान करता है।

- **आपदा प्रबंधन :** प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं का अध्ययन, विभिन्न खतरों और तैयारी की पद्धतियों, प्रत्युत्तर तथा प्रतिप्राप्त के बारे में सीखने में छात्रों को समर्थ बनाता है। छात्र राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानवीय संकट और आपातकालिक उपायों की जानकारी भी प्राप्त करते हैं। यह उन्हें राहत एजेंसियों, आपदा प्रबंधन संस्थानों, आपातकालीन उपाय दलों, भारतीय मौसमविज्ञान विभाग, अग्निशमन विभाग आदि के साथ कार्य करने का अवसर प्रदान करता है।
- **क्षेत्रीय दौरे :** फील्ड दौरा किसी स्थान पर चल रही भौतिक, सामाजिक-सांस्कृतिक और आर्थिक प्रक्रियाओं की प्रत्यक्ष और गहन समझ बूझ प्रदान करता है। छात्र केवल प्रश्नावली या साक्षात्कार अनुसूची जैसे साधनों का इस्तेमाल करके प्राथमिक सर्वेक्षण करने की तकनीक ही नहीं सीखते हैं बल्कि ज्ञान उत्पन्न करना भी सीखते हैं। किसी अनिवार्य फील्ड दौरे का आयोजन फील्ड कार्य और अनुसंधान पद्धति पर प्रयोगात्मक पेपर के आंशिक रूप से पूरा किए जाने के लिए सेमेस्टर-4 के छात्रों के लिए भूगोल विभाग द्वारा आयोजित किया जाता है।
- **छात्र क्रियाकलाप :** भूगोल पहेली, वाद-विवाद, निबंध-लेखन, पेंटिंग आदि जैसे अनेक क्रियाकलाप आयोजित करके इस विषय की समझबूझ और जागरूकता उत्पन्न करने के लिए विभाग द्वारा एक अंतर-कॉलेज भूगोल-फेस्ट 'भू-चेतना' (भूगोल जागरूकता) आयोजित किया जाता है। हर वर्ष सर्वोत्तम वाद-विवाद करने वाले दल को एक अंतर-कॉलेज ट्रॉफी 'आर्यभट्ट' प्रदान की जाती है।

तीन वर्षीय (6 सेमेस्टर) सीबीसीएस कार्यक्रम : पाठ्यक्रम संरचना और सेमेस्टर-वार आबंटन

पेपर (सेमेस्टर-1) (सीबीसीएस)	पाठ्यक्रम का प्रकार	पेपर (सेमेस्टर-2) (सीबीसीएस)	पाठ्यक्रम का प्रकार
पर्यावरणीय विज्ञान	एईसीसी-1, अनिवार्य	अंग्रेजी/हिंदी भाषा	एईसीसी-2, अनिवार्य
भू-आकृति-विज्ञान	सी-1, प्रमुख विधा	मानव भूगोल	सी-3, प्रमुख विधा
मानचित्रकला की तकनीकें	सी-2, प्रमुख विधा	विषयक मानचित्रकला (प्रयोगात्मक)	सी-4, प्रमुख विधा
बी.ए. (ऑनर्स) भूगोल/ अंतर-विधा पाठ्यक्रमों के अलावा अन्य पाठ्यक्रमों से जेनरिक ऐच्छिक की सूची में से कोई एक	जी-1, जेनरिक एच्डि(क	बी.ए. (ऑनर्स) भूगोल/ अंतर-विधा पाठ्यक्रमों के अलावा अन्य पाठ्यक्रमों से जेनरिक ऐच्छिक की सूची में से कोई एक	जी-2, जेनरिक एच्डि(क
पेपर (सेमेस्टर-।।।) (सीबीसीएस)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेमेस्टर-IV) (सीबीसीएस)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
जलवायु विज्ञान	सी-5, प्रमुख विधा	आर्थिक भूगोल	सी-8, प्रमुख विधा
भूगोल में सांख्यिकीय पद्धतियां	सी-6, प्रमुख विधा	पर्यावरणीय भूगोल	सी-9, प्रमुख विधा
भारत में भूगोल	सी-7, प्रमुख विधा	फील्ड कार्य और अनुसंधान पद्धतियां (प्रयोगात्मक)	सी-10, प्रमुख विधा
बी.ए. (ऑनर्स) भूगोल/ अंतर-विधा पाठ्यक्रमों के अलावा अन्य पाठ्यक्रमों से जेनरिक ऐच्छिक की सूची में से कोई एक	जी-3, जेनरिक ऐच्छिक	बी.ए. (ऑनर्स) भूगोल/ अंतर-विधा पाठ्यक्रमों के अलावा अन्य पाठ्यक्रमों से जेनरिक ऐच्छिक की सूची में से कोई एक	जी-4, जेनरिक ऐच्छिक
कौशल वर्धन पाठ्यक्रमों (एसईसी) की सूची में से कोई एक (क) दूरस्थ संवेदीकरण	एसईसी-।, कौशल वर्धन पाठ्यक्रम	कौशल वर्धन पाठ्यक्रमों (एसईसी) की सूची में से कोई एक (ग) भौगोलिक सूचना	एसईसी-।।, कौशल वर्धन पाठ्यक्रम

(प्रयोगात्मक) **(ख)** उन्नत आकाशीय तकनीकें		प्रणाली (प्रयोगात्मक) **(घ)** अनुसंधान पद्धतियां (प्रयोगात्मक)	
पेपर (सेमेस्टर-V) (सीबीसीएस)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेमेस्टर-VI) (सीबीसीएस)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
क्षेत्रीय प्लानिंग और विकास	सी-11, प्रमुख विधा	भौगोलिक विचारों की उत्पत्ति	सी-13, प्रमुख विधा
दूरस्थ संवेदीकरण और जीआईएस (प्रयोगात्मक)	जी-12, प्रमुख विधा	परियोजना कार्य पर आधारित आपदा प्रबंधन (प्रयोगात्मक)	सी-14, प्रमुख विधा
विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों में से कोई एक	डीएसई, ऐच्छिक-I	विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों में से कोई एक	डीएसई, ऐच्छिक-III*
विधाओं में से कोई एक **(क)** जनसंख्या भूगोल **(ख)** संसाधन भूगोल	डीएसई, ऐच्छिक-I	विधाओं में कोई एक **(क)** स्वास्थ्य एवं कल्याण का भूगोल **(ख)** राजनीतिक भूगोल	
विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक **(क)** शहरी भूगोल **(ख)** कृषीय भूगोल	डीएसई, ऐच्छिक-II	विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक **(क)** जल विज्ञान और समुद्र-विज्ञान **(ख)** सामाजिक भूगोल	डीएसई, ऐच्छिक-IV*

* **विधा ऐच्छिक पेपर (सेमेस्टर-6) में से एक के बदले परियोजना कार्य/शोध-निबंध**

टिप्पणी : कॉलेज को यह अधिकार प्राप्त है कि वह संकाय सदस्यों की उपलब्धता और इसके प्रोफाइल, छात्रों की संख्या, उस समय प्रचलित संरचना और अन्य कारकों पर निर्भर करते हुए विकल्पों में परिवर्तन कर सके। यह बात अन्य पाठ्यक्रमों के लिए भी सत्य होगी।

संकाय सदस्य :

1.	डॉ. रामाश्रय प्रसाद	5.	डॉ. मोनिका एहलावत
2.	डॉ. आर.एन. दूबे	6.	डॉ. (श्रीमती) तुलिका शनाध्य
3.	डॉ. जितेंद्र सरोहा	7.	डॉ. रियाजुद्दीन खान (शिक्षक प्रभारी)

4.	डॉ. एन.एस. कादियान	8.	श्रीमती कणिका

बी.ए. (ऑनर्स) अर्थशास्त्र **डॉ. नरेंद्र ठाकुर (शिक्षक प्रभारी)**

स्नातक डिग्री में पढ़ने वाले छात्रों के लिए अर्थशास्त्र, पाठ्यक्रम की एक अत्यंत पसंद रही है और बनी हुई है। अर्थशास्त्र इस बात का अध्ययन है कि सोसाइटियों, सरकारों, व्यवसाय घरानों, परिवारों और व्यक्तियों द्वारा स्थायी मानव विकास के परिदृश्य में असीमित आवश्यकताएं पूरी करने के लिए आर्थिक क्रियाकलापों की व्यवस्था उनके सीमित संसाधन आबंटित करके कैसे की जा सकती है। अर्थशास्त्री केंद्रीय बैंक के लिए नीतियां निर्धारित करके और वित्तीय तथा कल्याण के मोर्चे पर आर्थिक मुद्दों पर सरकार को सलाह देने के लिए जाने जाते हैं। यह विषय एक ऐसा साधन भी प्रदान करता है जिसके साथ किसी विशेष वित्तीय निवेश के अवसर की वांछनीयता, वैकल्पिक पसंदों के लाभों और लागतों तथा लोक नीतियों के संभावित प्रभावों के बारे में प्रश्नों को हल किया जाता है।

इकोनोमीट्रिक्स का अनुपूरक अध्ययन, इस विधा में इस्तेमाल की जाने वाली प्राथमिक मात्रात्मक पद्धति छात्रों को इस बात में समर्थ बनाती है कि वे सांख्यिकी के जरिए परिवर्तन में असमर्थ निष्क्रिय प्राप्तकर्ताओं की बजाय अनेक पब्लिक और प्राइवेट मुद्दों के बारे में सांख्यिकीय आधारित तर्कों का महत्वपूर्ण उपभोक्ता बन जाएं। इस प्रकार की जानकारी उन्हें इस बात में समर्थ बनाती है कि वे यह पूछ सकें कि क्या किसी विशेष नीति की वांछनीयता पर साक्ष्य, अर्थव्यवस्था के संभावित भावी मार्ग के बारे में दावे या अन्य मुद्दे वास्तव में बाध्य करने वाले हैं या क्या यह केवल देखने में अच्छा लगता है, परंतु निकट से निरीक्षण करने पर भिन्न प्रतीत होता है।

इस विधा में छात्र नीति और बाज़ार की स्थितियों में परिवर्तन के प्रति प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए व्यवहार के अवधारणात्मक और परिधीय मॉडल सीखते हैं तथा

यह सीखते हैं कि इन परिवर्तनों की जांच-पड़ताल करने के लिए सांख्यिकी तथा गणितीय विश्लेषण का इस्तेमाल कैसे किया जाए।

बी.ए. (ऑनर्स) (अर्थशास्त्र) के लिए पाठ्यक्रम संरचना

पेपर (सेमेस्टर-I) (सीबीसीएस)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेमेस्टर-II) (सीबीसीएस)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
अंग्रेजी/ हिंदी भाषा	योग्यता वर्धन अनिवार्य, पाठ्यक्रम (एईसीसी-I)	पर्यावरणीय विज्ञान	योग्यता वर्धन अनिवार्य, पाठ्यक्रम (एईसीसी-II)
प्रारंभिक सूक्ष्म अर्थशास्त्र	अर्थशास्त्र, प्रमुख पाठ्यक्रम 1	प्रारंभिक मैक्रो अर्थशास्त्र	अर्थशास्त्र प्रमुख पाठ्यक्रम 3
अर्थशास्त्र-1 के लिए गणितीय पद्धतियां	अर्थशास्त्र, प्रमुख पाठ्यक्रम 2	अर्थशास्त्र-II के लिए गणितीय पद्धतियां	अर्थशास्त्र, प्रमुख पाठ्यक्रम 4
बी.ए. (ऑनर्स) अर्थशास्त्र/अंतर-विधा पाठ्यक्रमों के अलावा, अन्य पाठ्यक्रमों से जेनरिक ऐच्छिक की सूची में से कोई एक	जेनरिक ऐच्छिक 1	बी.ए. (ऑनर्स) अर्थशास्त्र/अंतर-विधा पाठ्यक्रमों के अलावा, अन्य पाठ्यक्रमों से जेनरिक ऐच्छिक की सूची में से कोई एक	जेनरिक ऐच्छिक 2
पेपर (सेमेस्टर-III) (सीबीसीएस)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेमेस्टर-IV) (सीबीसीएस)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
माध्यमिक माइक्रो अर्थशास्त्र-I	अर्थशास्त्र प्रमुख पाठ्यक्रम 5	माध्यमिक माइक्रो अर्थशास्त्र-II	अर्थशास्त्र प्रमुख पाठ्यक्रम 8
माध्यमिक माइक्रो अर्थशास्त्र-I	अर्थशास्त्र प्रमुख पाठ्यक्रम 6	माध्यमिक मैक्रो अर्थशास्त्र-II	अर्थशास्त्र प्रमुख पाठ्यक्रम 9
अर्थशास्त्र के लिए सांख्यिकी पद्धतियां	अर्थशास्त्र प्रमुख पाठ्यक्रम 7	प्रारंभिक इकोनोमीट्रिक्स	अर्थशास्त्र प्रमुख पाठ्यक्रम 10
कौशल वर्धन पाठ्यक्रम (एसईसी) की सूची में से कोई एक	कौशल वर्धन पाठ्यक्रम (एसईसी)-I	कौशल वर्धन पाठ्यक्रम (एसईसी) की सूची में से कोई एक	कौशल वर्धन पाठ्यक्रम (एसईसी)-II
बी.ए. (ऑनर्स) अर्थशास्त्र/अंतर-विधा पाठ्यक्रमों के अलावा, अन्य पाठ्यक्रमों से	जेनरिक ऐच्छिक (जीई) पाठ्यक्रम-III	बी.ए. (ऑनर्स) अर्थशास्त्र/अंतर-विधा पाठ्यक्रमों के अलावा, अन्य पाठ्यक्रमों से	जेनरिक ऐच्छिक (जीई) पाठ्यक्रम-IV

जेनरिक ऐच्छिक की सूची में से कोई एक		जेनरिक ऐच्छिक की सूची में से कोई एक	
पेपर (सेमेस्टर-V) (सीबीसीएस)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेमेस्टर-VI) (सीबीसीएस)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
भारतीय अर्थव्यवस्था-।	अर्थशास्त्र पाठ्यक्रम 11	भारतीय अर्थव्यवस्था-।।	अर्थशास्त्र पाठ्यक्रम 13
विकास अर्थशास्त्र-1	अर्थशास्त्र प्रमुख पाठ्यक्रम 12	विकास अर्थशास्त्र-2	अर्थशास्त्र प्रमुख पाठ्यक्रम 14
विधा विशिष्ट ऐच्छिक (डीएसई) पाठ्यक्रम-। (समूह । की सूची से)	विधा विशिष्ट ऐच्छिक (डीएसई)	विधा विशिष्ट ऐच्छिक (डीएसई) पाठ्यक्रम-।।। (समूह ।। की सूची से)	विधा विशिष्ट ऐच्छिक (डीएसई) पाठ्यक्रम
विधा विशिष्ट ऐच्छिक (डीएसई) पाठ्यक्रम-।। (समूह । की सूची से)	विधा विशिष्ट ऐच्छिक (डीएसई)	विधा विशिष्ट ऐच्छिक (डीएसई) पाठ्यक्रम-IV (समूह II की सूची से)	विधा विशिष्ट ऐच्छिक (डीएसई)
समूह-। [विधा विशिष्ट ऐच्छिक (डीएसई पाठ्यक्रम)]		समूह-।। [विधा विशिष्ट ऐच्छिक (डीएसई) पाठ्यक्रम]	
(i) स्वास्थ्य और शिक्षा का अर्थशास्त्र (ii) अनुप्रयुक्त इकोनोमीट्रिक्स (iii) भारत का आर्थिक इतिहास (1857-1947) (iv) माइक्रो अर्थशास्त्र-। में विषय (v) राजनीतिक अर्थव्यवस्था-। (vi) धन और वित्तीय बाज़ार (vii) लोक अर्थशास्त्र		(viii) राजनीतिक अर्थव्यवस्था-।। (ix) तुलनात्मक आर्थिक विकास (1850-1950) (x) वित्तीय अर्थव्यवस्थाएं (xi) माइक्रो अर्थशास्त्र-।। में विषय (xii) पर्यावरणीय अर्थशास्त्र (xiii) अंतर्राष्ट्रीय अर्थशास्त्र (xiv) शोध-निबंध/परियोजना	
टिप्पणी : कॉलेज को यह अधिकार प्राप्त है कि वह संकाय सदस्यों की उपलब्धता और इसके प्रोफाइल, छात्रों की संख्या, उस समय प्रचलित संरचना और अन्य कारकों पर निर्भर करते हुए विकल्पों में परिवर्तन कर सके। यह बात अन्य पाठ्यक्रमों के लिए भी सत्य होगी।			

संकाय सदस्य :

1.	डॉ. (श्रीमती) सोनिया अग्रवाल	3.	श्री नरेंद्र ठाकुर (शिक्षक प्रभारी)
2.	डॉ. (श्रीमती) हरीश		

बी.ए. (ऑनर्स) इतिहास **डॉ. जया वर्मा (शिक्षक प्रभारी)**

स्नातक डिग्री में पढ़ने की योजना बनाने वाले छात्रों के बीच इतिहास एक अत्यधिक लोकप्रिय पसंद रही है और बनी हुई है। शैक्षिक स्तर पर यह विधा अपने पूर्वकाल, पूरे विश्व में मानव समाजों के विकास के पथों की जड़ में जाने की हमारी इच्छा को संतुष्ट करती है और साथ ही साथ, हमारी समसामयिक समस्याओं में से अनेक समस्याओं के लिए मूल कारण और उत्पत्ति का व्यवस्थित ढंग से विश्लेषण करने तथा उन्हें खोजने में हमारी सहायता करती है। इतिहास अनेक सामाजिक विज्ञान की विधाओं के साथ इसके सीवनविहीन संशक्तीकरण के होते हुए अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए हमेशा एक बहुत लोकप्रिय विषय रहा है। पिछले 50 वर्षों में हिस्टोरियल ग्राफिकल सरोकारों में हुए महत्वपूर्ण बदलाव में भारतीय इतिहास में शासन करने वाले वंशों की कहानियों का दस्तावेज़ीकरण करने से और सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में ऐतिहासिक बदलावों का पता लगाने के अधिक जटिल आयामों के ऐतिहासिक संदर्भ से अनुसंधान तथा डिस्कोर्स के फोकस में परिवर्तन आया है। इसने ऐतिहासिक जांच को अंतर-विधा पद्धति के जरिए ऐतिहासिक प्रश्नों का विश्लेषण करने में एक समृद्धशाली कार्य बना दिया है। उदाहरण के लिए, पर्यावरणीय इतिहास और ऐतिहासिक भूगोल, इतिहास और भूगोल की विधाओं, राजनीतिक प्रणालियों के विश्लेषण को एकसाथ लाते हैं और पूर्वकाल में राज्य संरचनाओं तथा राजनीतिक विज्ञान और ऐतिहासिक संधियों को सामाजिक मुद्दों के साथ लाता है जैसे जाति, जेंडर, शिक्षा और इस प्रकार समाजशास्त्र तथा सामाजिक सिद्धांत के कुछ ज्ञान को आवश्यक बनाता है। इतिहास पुरातत्व-विज्ञान, संग्रहालय विज्ञान, धरोहर और स्मारकों और कलाकृतियों सहित ऐतिहासिक सामग्रियों के संरक्षण से संबंधित अधिक विशेषज्ञता वाले कॅरियर-उन्मुखी पाठ्यक्रमों के लिए एक नींव के पत्थर के रूप में उभर कर आया है। कॅरियर जैसेकि यह चुनौतीपूर्ण है, परंतु फिर भी इस प्रतियोगी और वैश्वीकृत विश्व में अपार अवसर प्रदान करता है।

बी.ए. (ऑनर्स) इतिहास में विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली की योजना

तीन वर्षीय (6 सेमेस्टर) सीबीसीएस कार्यक्रम : पाठ्यक्रम संरचना और सेमेस्टर-वार आबंटन

पेपर (सेमेस्टर-I) (सीबीसीएस)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेमेस्टर-II) (सीबीसीएस)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
पर्यावरणीय विज्ञान	एईसीसी-1, अनिवार्य	अंग्रेजी/हिंदी भाषा	एईसीसी-2, अनिवार्य
पेपर-I : भारत का इतिहास-I	सी-1, प्रमुख विधा	पेपर-III : भारत का इतिहास-II	सी-3, प्रमुख विधा
पेपर II : प्राचीन विश्व की सामाजिक बनावट और सांस्कृतिक पैटर्न	सी-2, प्रमुख विधा	पेपर IV : प्राचीन और मध्य विश्व की सामाजिक बनावट और सांस्कृतिक पैटर्न	सी-4, प्रमुख विधा
जेनरिक ऐच्छिक/ अंतर-विधा ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	जी-1, जेनरिक ऐच्छिक	जेनरिक ऐच्छिक/ अंतर-विधा ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	जी-2, जेनरिक ऐच्छिक
पेपर (सेमेस्टर-III) (सीबीसीएस)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेमेस्टर-IV) (सीबीसीएस)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
पेपर-V : भारत का इतिहास-III (750-1200 ईसवी)	सी-5, प्रमुख विधा	पेपर-VIII : आधुनिक पश्चिम का उत्थान-II	सी-8, प्रमुख विधा
पेपर-VI : आधुनिक पश्चिम का उत्थान-I	सी-6, प्रमुख विधा	पेपर-Ix : आधुनिक पश्चिम का उत्थान-V (1500-1600 ईसवी)	सी-9, प्रमुख विधा
पेपर-VII : भारत का इतिहास-IV (1200-1500 ईसवी)	सी-7, प्रमुख विधा	पेपर-X : भारत का इतिहास-VI (1750-1857 ईसवी)	सी-10, प्रमुख विधा
जेनरिक एचिछक/ अंतर-विधा ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	जी-3, जेनरिक ऐच्छिक	जेनरिक एचिछक/ अंतर-विधा ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	जी-4, जेनरिक ऐच्छिक
कौशल वर्धन पाठ्यक्रम (एसईसी) की सूची में	एसईसी-I, कौशल वर्धन पाठ्यक्रम	कौशल वर्धन पाठ्यक्रम (एसईसी) की सूची में	एसईसी-II, कौशल वर्धन पाठ्यक्रम

से कोई एक		से कोई एक	
पेपर (सेमेस्टर-V) (सीबीसीएस)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेमेस्टर-VI) (सीबीसीएस)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
पेपर-XI : आधुनिक यूरोप का इतिहास-I	सी-11, प्रमुख विधा	पेपर-XIII : भारत इतिहास-VIII (1857-1950 ईसवी)	सी-13, प्रमुख विधा
पेपर-XIV : भारत का इतिहास-VII (1600-1750 ईसवी)	सी-12, प्रमुख विधा	पेपर-XIV : आधुनिक यूरोप का इतिहास-II	सी-14, प्रमुख विधा
विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	डीएसई-I	विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	डीएसई-III
विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	डीएसई-ii	विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों की सूची में से कोई एक	डीएसई-Iv
* **विधा ऐच्छिक पेपर-III में से एक के बदले परियोजना कार्य/शोध-निबंध**			
कौशल वर्धन पाठ्यक्रम (एसईसी) की सूची (कोई दो पेपर)			
विधा विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रमों (डीएसई) I		**कौशल वर्धन पाठ्यक्रमों (एसईसी) II**	
पेपर I (धरोहर की समझबूझ) या पेपर II : अभिलेखागार और संग्रहालय		पेपर III : भारतीय कला और आर्चिटेक्चर या पेपर IV : लोकप्रिय संस्कृति की समझबूझ	
विधा विशिष्ट वैकल्पिक पाठ्यक्रमों (डीएसई) की सूची			
कोई छात्र कोई चार पेपर चुनने के लिए स्वतंत्र होगा			
विधा विशिष्ट पाठ्यक्रम : डीएसई I		**विधा विशिष्ट पाठ्यक्रम : डीएसई III**	
पेपर-1, यूएसए का इतिहास : स्वतंत्रता से गृह युद्ध तक या पेपर-2 : यूएसएसआर का इतिहास : क्रांति से विश्व युद्ध II तक (1917-1943) या पेपर-3 : अफ्रीका का इतिहास, 1500-1660 ईसवी या		पेपर 8 : यूएसए का इतिहास : पुनर्निर्माण से नए युग की राजनीति तक पेपर 9 : यूएसएसआर का इतिहास : सोवियत अनुभव (1945-1991) या पेपर 10 : लैटिन अमरीका का इतिहास, 1500 शताब्दी - 1960 की शताब्दी या पेपर 11 : भारतीय इतिहास में जेंडर, 1500	

पेपर-4 : 1500 ईसवी तक भारतीय इतिहास में जेंडर **विधा विशिष्ट पाठ्यक्रम : डीएसई-।। :** पेपर 5 : आधुनिक चीन का इतिहास (1840-1960) या पेपर 6 : 16वीं शताब्दी तक दक्षिण पूर्व एशिया का इतिहास या पेपर 7 : वैश्विक वातावरणीय परिदृश्य	शताब्दी-1950 शताब्दी या पेपर 12 : आधुनिक चीन का इतिहास (1840-1960) या पेपर 13 : दक्षिण-पूर्व एशिया का इतिहास (16वीं शताब्दी तक) या पेपर 14 : वैश्विक पर्यावरणीय परिदृश्य **विधा विशिष्ठ पाठ्यक्रम : डीएसई IV** पेपर 15 : आधुनिक जापान और कोरिया का इतिहास (1868-1950) या पेपर 16 : आधुनिक दक्षिण-पूर्व एशिया (17वीं शताब्दी से 20वीं शताब्दी तक) या पेपर 17 : समसामयिक भारत का निर्माण (1950-1990)
टिप्पणी : कॉलेज को यह अधिकार प्राप्त है कि वह संकाय सदस्यों की उपलब्धता और इसके प्रोफाइल, छात्रों की संख्या, उस समय प्रचलित संरचना और अन्य कारकों पर निर्भर करते हुए विकल्पों में परिवर्तन कर सके। यह बात अन्य पाठ्यक्रमों के लिए भी सत्य होगी।	

संकाय सदस्य

1.	डॉ. एस.एस. चावला	3.	श्री संजय शर्मा
2.	डॉ. (श्रीमती) जया वर्मा (शिक्षक प्रभारी)		

3. वाणिज्य आधारित पाठ्यक्रम

1. बी.कॉम (ऑनर्स) डॉ. पूनम मित्तल (शिक्षक प्रभारी)

वर्तमान नौकरी के बाज़ार में बदलती आवश्यकताओं की दृष्टि से कौशल विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, कॉमर्स विभाग दो पाठ्यक्रमों - बी.कॉम (ऑनर्स) और

बी. कॉम (कार्यक्रम) में दाखिला प्रदान करता है। दोनों पाठ्यक्रम 2015 में दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा अपनाई गई सीबीसीएस योजना के अंतर्गत प्रदान किए जाते हैं। पाठ्यक्रमों का निर्माण ऐसे तरीके से किया जाता है कि छात्र इस विषय की सैद्धांतिक समझबूझ के साथ-साथ अपेक्षित कौशलों में प्रशिक्षित किए जा सकें।

वाणिज्य में स्नातक डिग्री कॅरियर में विकल्पों की एक व्यापक रेंज का दरवाजा खोलती है क्योंकि वाणिज्य के छात्र प्रबंधन, लेखांकन, कराधान, अर्थशास्त्र आदि के मूलभूत सिद्धांतों से लैस होते हैं।

टिप्पणी : कक्षा XII में गणित के साथ बिना उत्तीर्ण अंक वाले आवेदकों पर बी.कॉम (ऑनर्स) पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

बी.कॉम (ऑनर्स)

तीन वर्षीय (6 सेमेस्टर) सीबीसीएस कार्यक्रम : पाठ्यक्रम संरचना एवं सेमेस्टर-वार आबंटन

पेपर (सेमेस्टर-I) (सीबीसीएस)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेमेस्टर-II) (सीबीसीएस)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
पर्यावरणीय विज्ञान	योग्यता वर्धन, अनिवार्य पाठ्यक्रम (एईसीसी)-1	अंग्रेजी/हिंदी भाषा	योग्यता वर्धन अनिवार्य पाठ्यक्रम (एईसीसी-2)
वित्तीय लेखांकन	प्रमुख पाठ्यक्रम (सी-1)	कॉरपोरेट लेखांकन	प्रमुख पाठ्यक्रम (सी-3)
व्यवसाय कानून	प्रमुख पाठ्यक्रम (सी-2)	कॉरपोरेट कानून	प्रमुख पाठ्यक्रम (सी-4)
जेनरिक ऐच्छिक (जीई-1) (बी.कॉम - ऑनर्स/अंतर-विधा पाठ्यक्रमों के अलावा अन्य पाठ्यक्रमों से जेनरिक ऐच्छिक की सूची में से कोई एक)	जेनरिक ऐच्छिक(जीई-1)	जेनरिक ऐच्छिक(जीई-2) (बी.कॉम - ऑनर्स/अंतर-विधा पाठ्यक्रमों के अलावा अन्य पाठ्यक्रमों से जेनरिक ऐच्छिक की सूची में से कोई एक)	जेनरिक ऐच्छिक(जीई-2)
पेपर (सेमेस्टर-III) (सीबीसीएस)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेमेस्टर-IV) (सीबीसीएस)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
मानव संसाधन प्रबंधन	प्रमुख पाठ्यक्रम (सी-5)	लागत लेखांकन	प्रमुख पाठ्यक्रम (सी-8)

आय कर कानून और पद्धति	प्रमुख पाठ्यक्रम (सी-6)	व्यवसाय गणित	प्रमुख पाठ्यक्रम (सी-9)
प्रबंधन सिद्धांत और अनुप्रयोग	प्रमुख पाठ्यक्रम (सी-7)	व्यवसाय में कंप्यूटर अनुप्रयोग	प्रमुख पाठ्यक्रम (सी-10)
जेनरिक ऐच्छिक (जीई-3) (बी.कॉम - ऑनर्स/अंतर-विधा पाठ्यक्रमों के अलावा अन्य पाठ्यक्रमों से जेनरिक ऐच्छिक की सूची में से कोई एक)	जेनरिक ऐच्छिक(जीई-3)	जेनरिक ऐच्छिक(जीई-4) (बी.कॉम - ऑनर्स/अंतर-विधा पाठ्यक्रमों के अलावा अन्य पाठ्यक्रमों से जेनरिक ऐच्छिक की सूची में से कोई एक)	जेनरिक ऐच्छिक(जीई-4)
कौशल वर्धन पाठ्यक्रम (एसईसी) की सूची में से कोई एक (निम्नलिखित में से कोई एक) **(क)** ई-वाणिज्य **(ख)** प्रशिक्षण और विकास **(ग)** ई-विपणन **(घ)** व्यक्तिगत कर प्लानिंग	एसईसी-1 कौशल वर्धन पाठ्यक्रम	कौशल वर्धन पाठ्यक्रम (एसईसी) की सूची में से कोई एक (निम्नलिखित में से कोई एक) **(क)** उद्यमिता **(ख)** सामूहिक मोल-तोल और वार्ता कौशल **(ग)** विवरणियों की ई-फाइलिंग **(घ)** साइबर अपराध और कानून	एसईसी-2 कौशल वर्धन पाठ्यक्रम
पेपर (सेमेस्टर-V) (सीबीसीएस)	**पाठ्यक्रम का प्रकार**	**पेपर (सेमेस्टर-VI) (सीबीसीएस)**	**पाठ्यक्रम का प्रकार**
विपणन के सिद्धांत	प्रमुख पाठ्यक्रम (सी-11)	लेखापरीक्षा करना और निगमित अभिशासन	प्रमुख पाठ्यक्रम (सी-13)
वित्तीय प्रबंधन के मौलिक सिद्धांत	प्रमुख पाठ्यक्रम (सी-12)	वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और सीमाशुल्क कानून	प्रमुख पाठ्यक्रम (सी-14)
(iv) आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन समिति (आईक्यूएसी) : एनएएसी ने यह प्रस्ताव दिया है कि प्रत्येक मान्यताप्राप्त संस्थान को एक गुणवत्ता बनाए रखने के उपाय के रूप में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल (आईक्यूएसी) स्थापित करना चाहिए। इसलिए यह आईक्यूएसी कॉलेज प्रणाली का एक अभिन्न अंग बन गया है और गुणवत्ता वृद्धि तथा उसे बनाए रखने के लक्ष्य प्राप्त करने

के प्रति यह कार्य कर रहा है। आईक्यूएसी का प्राथमिक कार्य कॉलेज के समग्र कार्य-निष्पादन में सजग, सतत और उत्प्रेरक सुधार के लिए एक प्रणाली तैयार करना है। इसके लिए प्रत्यायन उत्तर अवधि के दौरान इस कॉलेज को समकक्ष समिति की अनुशंसाओं सहित हॉलिस्टिक शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के प्रति अपने प्रयास और उपाय चैनेलाइज करने की आवश्यकता है। आईक्यूएसी का कार्य गुणवत्ता वर्धन पहलों के आंतरिकीकरण और उसे संस्थागत करने के प्रति पहला कदम है। इसकी सफलता कॉलेज के सभी संघटकों में अपनेपन और सहभागिता की भावना पर निर्भर करती है। यह कॉलेज में एक अन्य रिकार्ड रखरखाव कार्य है। वास्तव में, यह कॉलेज का एक सुविधा प्रदायक और सहभागिता प्रणाली, इकाई और अंग है। यह आईक्यूएसी कॉलेज के गुणवत्ता वर्धन क्रियाकलापों में सभी वर्गों की सहभागिता से छात्र लाभग्राहियों सहित सभी स्टेकहोल्डरों को लाभ प्रदान करती है (**डॉ. अतुल प्रताप सिंह, संचालक**)।

(v) एनसीसी (बालक और बालिकाएं, सेना और नौसेना विंग) : समर्पित अध्यापकों, एनओज और प्रभारी के मार्गदर्शन और अभिप्रेरण में, एनसीसी का विकल्प चुनने वाले छात्र, घुड़सवारी, चट्टान आरोहण, पर्वतारोहण, पारासेलिंग, राफ्टिंग आदि सहित विभिन्न खेलकूद शिविरों में भाग ले रहे हैं। इस प्रयास के पीछे मूल उद्देश्य, एनसीसी कैडेटों के एक स्वस्थ, अनुशासित और समर्पित दल का निर्माण करना है। प्रधान मंत्री की रैली और गणतंत्र दिवस परेड तथा अनेक शिविरों में हमारे कैडेटों की जबरदस्त सहभागिता को एनसीसी इकाई कार्यालय द्वारा स्वीकार किया गया है। एनसीसी के संकाय प्रभारी का दल, 'लक्ष्य' शीर्षक वाली एक वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन करने के अलावा हर वर्ष इसी नाम से वार्षिक एनसीसी समारोह आयोजित करता है। अपने कैडेटों को योग का प्रशिक्षणदेना और गणतंत्र दिवस तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना, कॉलेज के एनसीसी पाठ्यचर्या की महत्वपूर्ण विशेषताएं हैं **[लेफ्टिनेंट (डॉ) राजबीर वत्स, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, सुश्री कनिका,**

केयरटेकर और सब-लेफ्टिनेंट (डॉ.) अरविंद कुमार यादव, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी]।

(vi) **छात्रों के लिए शैक्षिक विकास सोसाइटी :** शैक्षिक सत्र 2015-16 के लिए इस सोसाइटी के क्रियाकलापों में, 'दिल्ली विश्वविद्यालय नेतृत्व' : 'उभरते अवसर और चुनौतियां' शीर्षक वाली एक अंतर-कॉलेज संगोष्ठी 'खब्बे व्यक्तियों द्वारा धारित विशेष गुण' विषय पर एक विशेष वार्ता आयोजित करना शामिल था। इस सोसाइटी ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से दो सप्ताह का एक उद्यमिता विकास कार्यक्रम भी आयोजित किया, जिसमें छात्रों को अपने स्वयं के व्यवसाय उद्यम स्थापित करने के तरीके पर प्रशिक्षित किया गया **(डॉ. संजय शर्मा, संचालक)**।

(vii) **कॉलेज पत्रिका** : यह कॉलेज, लेखन और साहित्यिक रुचि सृजित करने में छात्रों की सहायता करने और रचनात्मक संधियोजन के लिए प्रोत्साहित करने हेतु उनसे मुद्दों की एक व्यापक रेंज पर लेख आमंत्रित करके अपनी पत्रिका 'चेतना' प्रकाशित करता है। यह पत्रिका, एक ऐसा मंच उपलब्ध कराती है, जिसमें वे रुचि के अपने-अपने क्षेत्रों में अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं। पूरे विश्व के प्रति संधियोजन करके और प्रतिक्रिया देकर युवा भावना स्वयं का अन्वेषण करती है और परिभाषित करती है **(संचालक : डॉ. आर.पी. द्विवेदी, संचालक)**।

(viii) **अनुसंधान संवर्धन** : कॉलेज ने, सामाजिक विज्ञान, मानविकियों और भाषाओं में एक अंतर्राष्ट्रीय बहु-विधायी छमाही पत्रिका 'एकेडेमिया' का शुभारंभ किया है। इस पत्रिका का आईएसएसएन नंबर है और कॉलेज के रजत जयंती वर्ष के दौरान इसे ऐतिहासिक माना जा सकता है। यह, कॉलेज के अध्यापन स्टाफ के सहयोगात्मक प्रयासों का एक परिणाम है। इस पत्रिका के प्रति योगदान करने वालों में संकाय सदस्य, अग्रणी अनुसंधाता और छात्र भी शामिल हैं। इस कॉलेज का द्वितीय अंक प्रकाशित कर दिया गया है और कॉलेज के वार्षिक

दिवस समारोह के दौरान रिलीज कर दिया गया है। हाल ही में कॉलेज ने दो मोनोग्राफ भी निकाले हैं। संकाय सदस्यों ने अनुसंधान के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अभिनव परियोजनाएं भी पूरी की हैं। हाल ही में दो संकाय सदस्य प्रतिष्ठित 'आईसीएसएसआर इम्प्रेस प्रोजेक्ट' पर भी कार्य कर रहे हैं **(संचालक: डॉ. बिष्णु मोहन दाश, संचालक)**।

(ix) **एनएसएस :** राष्ट्रीय सेवा योजना (एमएसएस) का उद्देश्य, निरंतर सामुदायिक विचार-विमर्श और विकास के जरिए छात्रों और अध्यापकों के बीच स्वैच्छिक कार्य की भावना मन में बैठाना है। यह शैक्षिक विशिष्ट वर्ग को समाज के निकट लाती है। वर्तमान में, कॉलेज की एनएसएस इकाई में 250 स्वयंसेवक हैं। एनएसएस के लक्ष्यों और उद्देश्यों और स्वयंसेवकों की भूमिका के बारे में एनएसएस स्वयंसेवकों को जागरूक बनाने के लिए 27 अगस्त, 2018 को एक अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कॉलेज परिसर में 16 अगस्त, 2018 को पर्यावरणीय जागरूकता के लिए एक वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया था। सड़क सुरक्षा और यातायात जागरूकता को बढ़ावा देने की दृष्टि से वाहन चालन एवं यातायात अनुसंधान संस्थान, आईडीटीआर, वजीराबाद रोड, दिल्ली-110094 के सहयोग से एनएसएस इकाई द्वारा आधे दिन की एक कार्यशाला आयोजित की गई थी। एनएसएस इकाई ने 15 सितंबर से 30 सितंबर, 2018 तक स्वच्छता अभियान भी आयोजित किया। एनएसएस का स्थापना दिवस 24 सितंबर, 20198 को मनाया गया। 'लिवर केयर फाउंडेशन' नामक एक गैर-सरकारी संगठन ने कॉलेज के परिसर में मंडप लगाया था। इस अवसर पर एनएसएस के कॉलेज दल द्वारा पोस्टर बनाने और वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता का विषय था "स्वच्छता ही सेवा"। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने केरल के प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री एकत्र की और 28 अगस्त, 2018 को केरला हाऊस को यह राहत सामग्री सौंपी **(डॉ. अवतार सिंह, संचालक)**।

(x) **जेंडर संवेदीकरण समिति** ने अपना कार्यक्रम/कार्यशाला 'जेंडर बेंडर' आयोजित की। इसमें पोस्टर बनाने और नारे लिखने की प्रतियोगिता भी आयोजित की। निम्नलिखित वार्ताएं आयोजित की गई: (i) गैर-संक्रामक रोगों का प्रभाव (ii) जेंडर संवेदीकरण (iii) महिला सशक्तीकरण और सुरक्षा **(डॉ. मोनिका एहलावत, संचालक)**।

(xi) **प्लेसमेंट सेल** : प्लेसमेंट समिति ने, हमारे परिसर में प्रतिष्ठित कंपनियों का प्लेसमेंट अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया। कुल मिलाकर, 14 कंपनियों ने कॉलेज का दौरा किया और 61 छात्रों को नौकरी प्रदान की गई। परिसर का दौरा करने वाली कुछ कंपनियां बजाज कैपिटल, ब्रिटिश टेलकॉम, यूनिवर्सल डाटा साल्यूशन आदि जैसी कंपनियां थीं। इसने छात्रों के लाभ के लिए "व्यावसायिक सीवी लिखना" और "समूह चर्चा तथा साक्षात्कार के लिए तैयारी कैसे की जाए" विषय पर वार्ता भी आयोजित की **(डॉ. ललित कुमार, संचालक)**।

(xii) **समर्थकारी समान अवसर सेल :** दिल्ली विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों के अनुसार, विकलांग श्रेणी के छात्रों को, कॉलेज द्वारा चलाए जाने वाले भिन्न-भिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला किया जाता है। यह कॉलेज यह सुनिश्चित करने का हर प्रयास करता है कि विकलांग छात्रों की कक्षाएं पहुंचयोग्य बनाई जाएं ताकि ऐसे छात्रों को कम से कम असुविधा हो। सभी विकलांग छात्रों को, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए दिशानिर्देशों के अनुसार सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। 'सहयोग' नामक एक सोसाइटी गठित की गई है, जिसमें विकलांग छात्रों के बेहतर शैक्षिक और सह-पाठ्चर्या कार्य-निष्पादन के लिए उनका मार्गदर्शन, सहायता और सहयोग करने के उद्देश्य से कॉलेज के इच्छुक छात्रों को सदस्य के रूप में नामांकित किया जाता है। 'विकलांग' विषय पर एक नारे और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें, 50 छात्रों ने भाग लिया **(डॉ. नीरव अदलजा, संचालक)**।

(xiii) कॅरियर मार्गदर्शन और सक्षमता निर्माण : ऐसे छात्रों, जो विभिन्न क्षेत्रों में अपना कॅरियर बनाना चहते हैं और स्नातक के पश्चात प्रतियोगी परीक्षाओं में भी भाग लेना चाहते हैं, को अवसर उपलब्ध कराने के लिए कॅरियर मार्गदर्शन और सक्षमता निर्माण समिति जिम्मेदार है **(डॉ. नवीन कुमार, संचालक)**।

(xiv) उद्यान/इको क्लब : कॉलेज का उद्यान/इको क्लब, ग्रीन कवर में वृद्धि करने और छात्रों को हमारे वातावरण को संरक्षित करने तथा बढ़ावा देने की आवश्यकता के बारे में संवेदनशील बनाने के लिए कार्य करता है। क्लब के क्रियाकलापों में, पर्यावरण से संबंधित कार्यशालाएं, वाद-विवाद, नाट्यकला और अन्य विचार-विमर्शी कार्यक्रम शामिल हैं, जिनमें छात्र उत्साह और रुचि के साथ भाग लेते हैं। इस इको क्लब के तत्वावधान में पिछले तीन वर्षों के दौरान विकसित हर्बल और रोज गार्डन, विश्वविद्यालय में सर्वोत्तम जाने जाते हैं और राष्ट्रीय स्तर पर टेलीविज़न पर दिखाए जाते हैं। कॉलेज ने परिसर में सौर पैनल और पेपर रिसाइक्लिंग इकाई भी संस्थापित की है **(डॉ. राजबीर वत्स, संयोजक, इको क्लब और; डॉ. ललित कुमार, संयोजक, बागबानी समिति)**।

(xv) हरित कैडेट : हरित कैडेट एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसके जरिए कॉलेज का उद्देश्य छात्रों के ऐसे दल का निर्माण करना है, जिन्हें जागरूकता फैलाने, प्रकृति के लिए प्रेम को बढ़ावा देने और वातावरण तथा प्राकृतिक संसाधनों के दक्ष प्रबंधन और कॉलेज के अंदर तथा बाहर उनके स्थायित्व के लिए प्रत्यक्ष रूप से कार्य करने के लिए सामाजिक रूप से समर्पित कार्योन्मुखी विद्वान व्यक्तियों के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। ग्रीन कैडेटों के प्रशिक्षण मॉड्यूल में, जागरूकता सत्र, कौशल निर्माण कार्यशालाएं, चलचित्र स्क्रीनिंग और व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम शामिल हैं। इस कार्य की देखरेख **डॉ. राजबीर वत्स** द्वारा की जाती है।

(xvi) कॉलेज परामर्श केंद्र : परामर्श पर जनवरी 2020 में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। समिति के सदस्यों द्वारा छात्रों को नियमित काउंसलिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। बाह्य विद्वान व्यक्तियों द्वारा काउंसलिंग के भिन्न-भिन्न स्कंधों पर कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं **(डॉ. ऋचा चौधरी, संचालक)**।

(xvii) पूर्वोत्तर सैल/विदेशी छात्र सलाहकार : इस सैल का उद्देश्य, पूर्वोत्तर के और विदेशी छात्रों को अनुकूल वातावरण प्रदान करना है। यह, विविध संस्कृतियों की समझबूझ में वृद्धि करने और जागरूकता उत्पन्न करने का प्रयास करता है। यह, यदि अपेक्षित हो, व्यक्तिगत परामर्श भी प्रदान करता है ताकि प्रभावी और दक्ष व्यक्ति बनने में स्वयं की सहायता करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित और प्रेरित किया जा सके **(संचालक : सुश्री ए. विक्टोरिया चानु)**।

(xviii) रेड रिबन क्लब : रेड रिबल क्लब स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी विषयों पर भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। रक्तदान कैंप, एचआईवी/एड्स जागरूकता पर सत्र और परस्पर विचार-विमर्शी व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे **(डॉ. ऋचा चौधरी, संचालक)**।

(xix) पूर्व-छात्र क्लब : कॉलेज का पूर्व-छात्र क्लब एक बहुत गतिशील निकाय है। यह, बड़ी संख्या में हमारे छात्रों को शामिल करते हुए सभी पूर्व-छात्र क्रियाकलाप आयोजित और समन्वित करता है। यह कॉलेज, फरवरी के पहले सप्ताह में हर वर्ष आयोजित किए जाने वाले पूर्व-छात्र समारोह में उन्हें सम्मानित करके अपने पूर्व-छात्र के प्रयासों, प्रतिभाओं और उपलब्धियों को मान्यता देता रहा है। यह कॉलेज, पूर्व-छात्रों की एक अद्यतनीकृत डायरेक्टरी भी प्रकाशित करता है **(डॉ. राजबीर वत्स, संयोजक)।**

सामाजिक विकास

(xx) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति छात्रों सहित कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए जीवन कौशल निर्माण कार्यशाला/क्रियाकलाप : यह कॉलेज, उनके शैक्षिक

समृद्धिकरण, जीवन कौशल निर्माण और आत्मसम्मान की भावना से उन्हें सशक्त बनाने में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों की सहायता करने के लिए विशेष कार्यशालाएं/कार्यक्रम आयोजित करता है। इस कॉलेज को, नि:शुल्क कोचिंग और उपचारात्मक कक्षाएं उपलब्ध कराने तथा उन्हें प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पहले अनुदान प्रदान किया गया है।

(xxi) योग कक्ष : कॉलेज के कार्यचालन के एक गुंजायमान भाग के रूप में योग समिति पूरे वर्ष अनेक क्रियाकलाप आयोजित करती है। अपना प्रमुख कार्यक्रम, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आरंभ करते हुए, हर वर्ष यह समिति कॉलेज के छात्रों के नैतिक कार्य में योग और ध्यान छात्रों के मन में बैठाना चाहती है। यह उद्देश्य प्राप्त करने के लिए प्रात: 7.45 बजे से 8.45 बजे तक प्रति दिन कॉलेज के छात्रों को विशेष योग सत्र प्रदान किए जाते हैं। ये सत्र नि:शुल्क हैं और इनका पर्यवेक्षण भारतीय योग संस्थान के प्रशिक्षुकों के विशेषज्ञताप्राप्त मार्गदर्शन में किया जाता है। योग समिति नियमित आधार पर अनेक संवर्धनात्मक कार्यक्रम भी आयोजित करती है, जिनमें योग सम्मेलन, व्याख्यान और वार्ताएं शामिल हैं। योग सोसायटी में सभी छात्रों के लिए पंजीकरण खुला है **(डॉ. संगीता शर्मा, संचालक)**।

(xxii) सामाजिक विकास के साधन के रूप में कॉलेज : यह कॉलेज, जेंडर न्याय और आर्थिक सशक्तीकरण के जरिए महिला विकास के लिए कुछ कार्य कर रहा है। पूर्व में, जन शिक्षा संस्थान, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से एनएसएस इकाई, आस-पास के क्षेत्रों की कमजोर वर्ग की लगभग 100 महिलाओं को, पोशाक बनाने (80 दिन), कसीदाकारी - हाथ और मशीन से (100 दिन) और ब्यूटी कल्चर एवं स्वास्थ्य सुरक्षा (60 दिन) में बिल्कुल ही नि:शुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के काम में लगा रहा।

(xxiii) डिजिटल इंडिया, राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता मिशन : राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता मिशन (संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन) का उद्देश्य, सभी कॉलेजों में वालंटियर छात्रों को प्रशिक्षित और नियुक्त करना है **(समन्वयक, डॉ. सरला देवी भारद्वाज)।**

(xxiv) तंबाकू प्रतिरोधी अभियान : दिल्ली विश्वविद्यालय और विश्व फेफडा फाउंडेशन - दक्षिण एशिया (डब्ल्यूएलएफ-एसए) संयुक्त के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए पूरा कॉलेज एक "धूम्रपान निषिद्ध क्षेत्र" है। कॉलेज ने, तंबाकूमुक्त वातावरण को बढ़ावा देने के लिए छात्रों के बीच एक तंबाकू प्रतिरोधी दस्ता गठित किया है। आरंभिक चरण में प्राथमिक फोकस, शैक्षिक व अभिप्रेरणात्मक अभियानों, जागरूकता सृजन शिविरों, संगोष्ठियों और कार्यशालाओं, पोस्टर और नारे प्रतियोगिताओ, रैलियों, नुक्कड़ नाटकों, आदि तथा मौजूदा तंबाकू प्रतिरोधी कानूनों के प्रवर्तन पर है **(डॉ. अरविंद यादव, संचालक)**।

(xxv) स्वच्छता अभियान सैल : स्वच्छता अभियान सैल/समिति ने दो प्रमुख स्वच्छता अभियान चलाए - एक विशेष सप्ताह लंबा अभियान और दूसरा एक दिवसीय अभियान, दोनों ही इस वर्ष अपेक्षाकृत अधिक उत्साह के साथ चलाए गए। इसने छात्रों और इस कॉलेज से संबद्ध सभी के बीच जागरूकता फैलाई और इस अभियान को सफल बनाया **(डॉ. आर.पी. द्विवेदी, संयोजक)।**

(xxvi) इस कॉलेज को, नकदी रहित अर्थव्यवस्था को सुसाध्य बनाने और पारदर्शी खरीद पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए जीईएम के साथ पंजीकृत भी किया गया है।

(xxvii) निधि प्रबंधन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यह कॉलेज पीएफएमएस के साथ पंजीकृत है।

(xxviii) गांधी अध्ययन सर्कल : गांधी अध्ययन सर्कल का संचालन डॉ. वी.के. सिंह, जो सामाजिक कार्य के एसोसिएट प्रोफेसर हैं, द्वारा किया जाता है। यह

गांधी अध्ययन सर्कल यात्रा, पहेली, चरखा प्रतियोगिता, वाद-विवाद, निबंध प्रतियोगिता, व्याख्यान, फिल्म शो और महात्मा गांधी से संबंधित महत्वपूर्ण स्थानों के दौरे आयोजित करके 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। महात्मा गांधी पर राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। स्वयंसेवक छात्र महात्मा गांधी के जीवन और उनके संदेश से लाभान्वित होंगे **(डॉ. वी.पी. सिंह, संचालक)**।

X. परिसर जीवन : सूचना और दिशानिर्देश

शैक्षिक सत्र : छात्रों कोसलाह दी जाती है कि वे प्राचार्य के स्वागत संबोधन के लिए 19 जुलाई, 2019 को प्रात: 10.00 बजे और अभिमुखीकरण कार्यक्रम के लिए प्रात: 11.30 बजे अध्यापन ब्लॉक में एकत्र होंगे। शैक्षिक सत्र बृहस्पतिवाद, 20 जुलाई, 2019 को प्रात: 8.30 बजे आरंभ होगा।

पहचान पत्र : अपने पहचान पत्र के लिए प्रत्येक छात्र को अनुभाग अधिकारी (प्रशासन) से संपर्क करना चाहिए। उससे यह अपेक्षा की जाती है कि वह कॉलेज में रहते हुए हर समय इसे अपने पास रखे और कॉलेज के प्राधिकृत स्टाफ सदस्यों द्वारा जब कभी इसे प्रस्तुत करने को कहा जाए, उसे यह प्रस्तुत करना होगा।

उपस्थिति : प्रत्येक छात्रको, शैक्षिक सत्र के दौरान आयोजित किए गए कुल व्याख्यानों/ ट्यूटोरियलों/ आदेशात्मक ट्यूटोरियलों की कुल संख्या के कम से कम **दो-तिहाई** में और प्रयोगात्मक के कम से कम तीन-चौथाई में भाग लेना होगा। कुछ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में फील्ड प्रशिक्षण भी अनिवार्य है। छात्रों को पूरे वर्ष नियमित रहने की सलाह दी जाती है। बीमार हो जाने की स्थिति में छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे ठीक होने के पश्चात कार्य ग्रहण करने पर तुरंत कॉलेज कार्यालय में अपने चिकित्सा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें, ऐसा करने में विफल रहने पर किसी भी आधार पर किसी चिकित्सा प्रमणपत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। आमतौर पर

किसी छात्र को उपस्थिति में कोई छूट नहीं दी जाती। प्रवेश पत्र, कॉलेज के निर्णय के अनुसार जारी किया जा सकता है। कॉलेज को यह अधिकार प्राप्त है कि वह संकटकालीन न्यूनतम उपस्थिति प्रतिशत की शर्त लगा सके और विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों का पालन करे। उपस्थिति की कमी के मामले में, छात्रों को विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों के अनुसार माना जाएगा।

परीक्षा अनुसूची : यह कॉलेज, अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं क्रमश: नवंबर/ दिसंबर और अप्रैल/ मई के महीनों में (विश्वविद्यालय की अनुसूची/दिशानिर्देशों के अनुसार) आयोजित करेगा। कॉलेज को यह अधिकार प्राप्त है कि वह किसी छात्र को विश्वविद्यालय परीक्षा में बैठने की अनुमति न दे यदि वह विश्वविद्यालय या कॉलेज की देय धनराशियों का निपटान नहीं करता या निपटान करने में विफल रहता है। ऐसा कोई छात्र, प्राचार्य की ट्रॉफी या सर्वोत्तम छात्र का पुरस्कार आदि के लिए स्वत: ही अनर्हक हो जाएगा।

आंतरिक मूल्यांकन (अध्यादेश VIII-ई) : प्रत्येक पेपर (सिद्धांत और प्रयोगात्मक) में, निरंतर आधार पर आंतरिक मूल्यांकन के लिए अधिकतम 25% अंक और बाकी 75% अंक वार्षिक/सेमेस्टर विश्वविद्यालय परीक्षा के लिए निश्चित किए जाएंगे। ऐसा मूल्यांकन, आंतरिक परीक्षा या क्लास टेस्ट (टेस्टों)/प्रश्नोत्तरी (प्रश्नोत्तरियों), असाइनमेंट/ ट्यूटोरियलों/ संगोष्ठियों/ टेस्टों और उपस्थिति पर निम्नलिखित रूप में आधारित होगा:

1. आंतरिक मूल्यांकन के लिए 25% अंकों में से 10% भारांश, सभी पाठ्यक्रमों के सभी पेपरों के लिए कॉलेज द्वारा आयोजित की जाने वाली आंतरिक परीक्षाओं (वार्षिक परीक्षा योजना के लिए) और क्लास टेस्ट (टेस्टों)/ प्रश्नोत्तरी (प्रश्नोत्तरियों) (सेमेस्टर परीक्षा योजना के लिए) दिया जाता है।
2. प्रत्येक छात्र का मूल्यांकन, लिखित असाइनमेंट/ ट्यूटोरियलों/ परियोजना रिपोर्टों/ आवधिक पेपरों/ संगोष्ठियों के आधार पर किया जाएगा और इसका 10% भारांश होगा।

3. उपस्थिति का भारांश निम्निलखित है: (i) आयोजित किए गए कुल व्याख्यानों का 67% या इससे अधिक परंतु 70% से कम - 1 अंक; (ii) 70% या इससे अधिक परंतु 75% से कम - 2 अंक; (iii) 75% या इससे अधिक परंतु 80% से कम - 3 अंक; (iv) 80% या इससे अधिक परंतु 85% से कम - 4 अंक; और (v) 85% और इससे अधिक - 5 अंक।

कॉलेज छात्र परिषद्

इस कॉलेज में, स्वयं छात्रों द्वारा निर्वाचित एक बहुत ही गतिशील और सक्रिय छात्र परिषद है। संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में यह कॉलेज के विभिन्न क्रियाकलाप आयोजित करती है। स्टाफ परिषद् की समितियां, सांस्कृतिक और खेलकूद सचिव नामांकित करती हैं। चार पदों - अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव में से एक पद, छात्रा के लिए आरक्षित है। सभी पदाधिकारी सामान्य तौर पर शैक्षिक सत्र के अंतिम दिन तक पद पर रहते हैं बशर्ते कि उन्हें उनके पद के कार्यकाल के दौरान किसी अनर्हकता द्वारा दंड न दिया गया हो।

कॉलेज छात्र परिषद में निर्वाचन के सामान्य नियम

माननीय उच्चतम न्यायालय ने डीयूएसयू और कॉलेज की छात्र परिषद् के निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के संबंध में पहले ही दिशानिर्देश दे दिए हैं। छात्र परिषद् का चुनाव कराने के लिए कॉलेज इन दिशानिर्देशों का पालन करेगा, जो निम्नलिखित हैं:

निर्वाचन के इच्छुक के लिए पात्रता संबंधी मापदंड

1. अभ्यर्थी, कॉलेज के किसी नियमित, पूर्णकालिक पाठ्यक्रम में नामांकित होना चाहिए।
2. निर्वाचन की तारीख को यथास्थिति 17 और 22 वर्ष की आयु के बीच/विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों के अनुसार का स्नातक-पूर्व छात्र चुनाव लड़ सकता है।

3. अभ्यर्थी का किसी भी स्थिति में, चुनाव लड़ने के वर्ष में कोई शैक्षिक बकाया नहीं होना चाहिए।
4. अभ्यर्थी को न्यूनतम 75% उपस्थिति प्राप्त करनी चाहिए।
5. अभ्यर्थी, नामांकन फार्मों की संवीक्षा की तारीख तक कॉलेज के प्रति सभी देय धनराशियों का भुगतान करन देने वाला होना चाहिए।
6. पदाधिकारी के पद के लिए चुनाव लड़ने के लिए कुल मिलाकर अभ्यर्थी को केवल एक अवसर प्रापत होगा।
7. अभ्यर्थी का न तो कोई पूर्व आपराधिक रिकार्ड होना चाहिए और न ही कॉलेज/विश्वविद्यालय प्राधिकारियों द्वारा उसके विरुद्ध कोई अनुशासनिक कार्यवाही/कार्रवाई की गई होनी चाहिए।
8. अभ्यर्थी के पास कोई अन्य ऐसा आधार नहीं होना चाहिए जिसे कॉलेज और विश्वविद्यालय की आदर्श आचार संहिता द्वारा अनर्हक के रूप में माना जा सकता है।
9. अंतरण वाले/पुन: दाखिल किए गए छात्रों को, विश्वविद्यालय के दिशानिर्देशों के अनुसार चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाएगी।

निर्वाचन संबंधी खर्च

1. किसी अभ्यर्थी के लिए खर्च की अधिकतम अनुमत सीमा 5000/- होगी।
2. प्रत्येक अभ्यर्थी, परिणामों की घोषणा के दो सप्ताह के अंदर कॉलेज प्राधिकारियों के पास पूरे लेखा-परीक्षित लेखे प्रस्तुत करेगा। कॉलेज, एक उचित माध्यम के जरिए, इन लेखाओं के प्रस्तुतीकरण के दो दिन के अंदर सभी लेखापरीक्षित लेखे प्रकाशित करेगा ताकि छात्र संकाय का प्रत्येक सदस्य स्वतंत्रतापूर्वक इनकी जांच कर सके।
3. अभ्यर्थियों पर, छात्र निकाय से स्वैच्छिक अंशदान के अलावा किसी अन्य स्रोत से निधियों का उपयोग करने से विशेष रूप से प्रतिबंध है।

4. कोई अनुपालन न करने की स्थिति में या कोई अधिक खर्च हो जाने की स्थिति में अभ्यर्थी का चुनाव रद्द हो जाएगा।

निधियों के संग्रहण और प्रायोजन प्राप्त करने पर प्रतिबंध

खिलाड़ियों, छात्र परिषद और शैक्षिक सोसाइटियों के पदाधिकारियों सहित कॉलेज के छात्र, कॉलेज की ओर से किसी भी तरीके से किसी कंपनी या जनता से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से किसी कंपनी या जनता से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई धनराशि संगृहीत करने या प्रायोजन प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत नहीं हैं। किसी छात्र द्वारा इस नियम के किसी उल्लंघन को अनुशासन भंग के रूप में माना जाएगा और कठोर दंड दिया जाएगा, जिसमें निर्वाचित पद से हटायाजाना और/या कॉलेज से निष्कासन और/या विश्वविद्यालय परीक्षा से वंचित करना शामिल है। अधिक परिवर्तनों और स्पष्टीकरणों के लिए कृपया विश्वविद्यालय के दिशानिर्देश देखें।

XI. अनुशासन

अनुशासनहीनता, रैगिंग और यौन उत्पीड़न के मुद्दों के संबंध में कॉलेज, विश्वविद्यालय के अध्यादेशों का अक्षरश: पालन करेगा। इन अध्यादेशों का संक्षिप्त सारांश नीचे दिया गया है:

(क) यह कॉलेज अनुशासन बनाए रखने के लि प्रसिद्ध है, जिसकी सराहना छात्राओं के माता-पिता द्वारा विशेष रूप से की जाती है। प्रोक्टोरियल बोर्ड/संयुक्त परामर्श समिति कॉलेज में मुख्यत: एक स्वस्थ और शांत वातावरण को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है। **छात्रों को यह नोट करना चाहिए कि आचरण के निम्नलिखित पहलुओं को अनुशासन भंग और कॉलेज के सामान्य कार्यचालन में हस्तक्षेप माना जाएगा और इसके लिए समुचित कार्रवाई की जा सकेगी:**

- सौंपे गए कार्यों और कक्षा कार्य के प्रति लापरवाही;

- किसी कक्षा में व्यवधान पहुंचाना या जोर-जोर से संगीत सुनना या क्लास रूम के बाहर चिल्लाना और कॉलेज परिसर में मटरगश्ती करना;
- अध्यापकों या कॉलेज के किसी प्राधिकारी की आज्ञा का उल्लंघन करना या कोई उत्पाति व्यवहार करना;
- क्लास रूम में दुर्व्यवहार, फर्नीचर या उपकरण या कॉलेज की किसी अन्य संपत्ति को क्षति पहुंचाना;
- परेशानी उत्पन्न करने, चिढ़ाने, अवज्ञा की भाषा का इस्तेमाल करने के लिए अन्यों को उकसाना;
- कॉलेज परिसर में धूम्रपान करना;
- किसी भी रूप में रैगिंग करना;
- प्राचार्य की अनुमति के बिना कोई सोसाइटी बनाना और सहपाठियों से धन एकत्र करना;
- अध्यापन ब्लॉक/क्लास रूम/प्राचार्य के कार्यालय के अंदर मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना और जोर-जोर से संगीत सुनना और अनुमति के बिना कॉलेज परिसर में रिकार्डिंग के लिए फोटो लेना;
- समय-समय पर अनुशासन समिति/ प्रोक्टोरियल बोर्ड/प्राचार्य द्वारा सूची में शामिल किया गया कोई अन्य कृत्य;
- किसी छात्र, अध्यापन और गैर-अध्यापन स्टाफ के प्रति शारीरिक प्रहार या शारीरिक शक्ति का इस्तेमाल करने की धमकी देना;
- किसी भी तरीके से रिश्वत देना या भ्रष्टाचार का प्रयास करना;
- कॉलेज की संपत्ति को जानबूझकर नष्ट करना;
- धार्मिक या सामुदायिक आधार पर दुर्भावना या असहनशीलता उत्पन्न करना;
- कॉलेज के शैक्षिक कार्यचालन में किसी तरीके से व्यवधान उत्पन्न करना;

- छात्रों को, सामाजिक मीडिया का दुरुपयोग न करने की सलाह दी जाती है।

इसके अलावा, कॉलेज, छात्रों के बीच अनुशासन बनाए रखना सुनिश्चित करेगा जैसाकि अध्यादेश XVख के अंतर्गत अपेक्षित है।

- कॉलेज के प्राचार्य को यह प्राधिकार प्राप्त होगा कि वह कॉलेज में छात्रों पर उन सभी अनुशासनिक शक्तियों का इस्तेमाल करे जो संस्थान को उचित ढंग से चलाने के लिए आवश्यक हैं। वह, कॉलेज में कुछ अध्यापकों के माध्यमसे अपने प्राधिकार का इस्तेमाल कर सकता है या उन्हें प्राधिकार प्रत्यायोजित कर सकता है, जो वह इस उद्देश्य के लिए विशेष रूप से उल्लेख करे।
- दाखिले के समय पर,प्रत्येक छात्र के लिए यह आवश्यक होगा कि वह एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करे कि दाखिल किए जाने पर वह स्वयं को कॉलेज के प्राधिकारी के अनुशासनिक क्षेत्राधिकार में लाता/लाती है।

टिप्पणी : होली के नाम पर उत्पीड़न करने से विश्वविद्यालय अध्यादेश XV-ख, रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम, 2013 तथा XV-ङ के अंतर्गत अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

यदि कोई छात्र किसी नियम का उल्लंघन करता है और अनुशासन भंग करता है तो की जाने वाली कार्रवाई में चेतावनी और/या जुर्मानाऔर/या कक्षाओं या पुस्तकालय से निलंबन या यहां तक कि परीक्षा से विवर्जन या विश्वविद्यालय अध्यादेशों में यथाविनिर्धारित या अध्यादेश XV (ख) और विश्वविद्यालय के नियमों के रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम, 2013 के आलोक में प्रोक्टोरियल बोर्ड/ प्राचार्य/ विश्वविद्यालय द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार कार्रवाई शामिल हो सकती है।

(ख) रैगिंग : माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निषिद्ध

भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय ने दिनांक 26/02/2009 के निर्णय सं. 370/04/XI-क के अंतर्गत व्यवस्था दी है कि "किसी भी रूप में रैगिंग, मानवाधिकार का उल्लंघन है।" विभिन्न रूपों, जिन्हें रैगिंग माना जा सकता है, में निम्नलिखित को मुख्य रूप से नोट किया जाए:

1. रैगिंग में, परिचय, चिढ़ाना, आतंकित करना, उत्पीड़न, क्रूरता, डर और शारीरिक तथा मानसिक कष्ट या शोरशराबे वाला, अव्यवस्थित आचरण दर्शाना या कनिष्ठ छात्रों पर क्रियात्मक चुटकुले छोड़ना जैसे क्रियाकलाप शामिल हैं, चाहे वे बोले गए या लिखित शब्दों द्वारा हों या किसी कृत्या द्वारा जिसमें चिढ़ाने का प्रभाव हो।
2. इसका अर्थ ऐसे उपद्रवी या अनुशासित गतिविधि में शामिल होना भी है, जो किसी फ्रेशर या जूनियर छात्र के लिए चिढ़न, कठिनाइयां या मनोवैज्ञानिक नुकसान पहुंचाती हो या डर उत्पन्न करती हो या ऐसा करने की संभावना हो।
3. रैगिंग में, किसी जूनियर छात्र को कोई ऐसा कृत्य या कार्य करने को कहना भी शामिल है जो वह छात्र सामान्य रूप से नहीं करेगा और जिसमें शर्म या परेशान होने की भावना उत्पन्न होने का प्रभाव हो ताकि किसी फ्रेशर या जूनियर छात्र के शरीर या मन को प्रतिकूलत: प्रभावित करे।

माननीय न्यायालय के निर्णयों के अनुसार रैगिंग के दोषी पाए गए किसी छात्र को तुरंत कॉलेज से निष्कासित कर दिया जाएगा। इसके अलावा, पुलिस को सूचित किया जाएगा और मानव संसाधन विकास मंत्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और दिल्ली विश्वविद्यालय सहित समय-समय पर सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त निर्देशों के अनुसार भारी दंड के अलावा अपराधकर्ता के विरुद्ध आपराधिक कानून के अंतर्गत मुकदमा चलाया जाएगा।

रैगिंग : अध्यादेश XV-ग के अंतर्गत निषिद्ध और दंडनीय

यह कॉलेज अपनी रैगिंग प्रतिरोधी समिति के जरिए अक्षरश: ऊपर उल्लिखित अध्यादेश का कठोरता से पालन करता है। किसी रूप में किसी भी प्रकार के रैगिंग का सामना करने वाले किसी छात्र को तुरंत रैगिंग प्रतिरोधी समिति के किसी सदस्य या प्राचार्य के कार्यालय से संपर्क करना चाहिए या वह निम्नलिखित रूप में भी संपर्क कर सकता है:

- 100 डायल कर सकता है या निकटतम पीसीआर वैन को सूचित करता है।
- 1091 पर कॉल कर सकता है।
- पोस्ट बॉक्स नंबर 5353, नई दिल्ली-110021 पर शिकायत लिख सकता है।

(ग) यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निषेध और दंड

यह कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय के अध्यादेश का अक्षरश: कठोरता से पालन करता है। यह, छात्रों, शिक्षकों और दिल्ली विश्वविद्यालय के गैर-अध्यापन स्टाफ के लिए यौन उत्पीड़न मुक्त शैक्षिक और कार्य वातावरण बनाए रखने और उत्पन्न करने का प्रयत्न करता है। अध्यादेश, इसमें विनिर्दिष्ट नियमों और प्रक्रियाओं की सीमा तक दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में बाहरी व्यक्तियों और निवासियों पर भी लागू होता है। कॉलेज द्वारा प्राप्त ऐसी शिकायत पर कार्रवाई करने के लिए एक आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) गठित की गई है। अधिक जानकारी के लिए आप कॉलेज की वेबसाइट और अन्य संबंधित वेबसाइट देख सकते हैं।

http://indiacode.nic.in/acts-in-pdf/142013.pdf

महिला सुरक्षा : महिला सुरक्षा के लिए कॉलेज द्वारा समुचित उपाय किए जाते हैं।

सूचना का अधिकार अधिनियम

- सूचना प्राप्त करने के लिए आवेदनपत्र, प्राचार्य, डॉ. भीम राव अम्बेडकर कॉलेज को भुगतानयोग्य 10/- रुपए के विनिर्धारित शुल्क का भुगतान करके दिया जा सकता है। प्रथम अपीलीय प्राधिकारी (प्राचार्य) के समक्ष अपील भी प्रस्तुत की जा सकती है।
- सुसंगत धाराओं के अंतर्गत तैयार किए गए मैनुअल कॉलेज की वेबसाइट www.drambedkarcollege.ac.in पर उपलब्ध हैं।
- कॉलेज का लोक सूचना अधिकारी : डॉ. एम.एस. वत्स (9868726525); सहायक लोक सूचना अधिकारी : डॉ. रविंद्र सिंह (9999570108); श्रीमती रामा सोइन (9868133503) और अपीलीय प्राधिकारी / प्राचार्य।

XII. शैक्षिक और खेलकूद में प्रमुख उपलब्धियां

हमारे अनेक छात्र, विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में और अंतर-कॉलेज, अंतर-विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर उत्कृष्टता प्राप्त करने हैं, जिनका विवरण निम्नलिखित है:

1. शैक्षिक		
शैक्षिक क्षेत्रों में विश्वविद्यालय स्थान धारक		
2012	**2013**	**2014**
प्रथम स्थान एकता सिंह, बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य (तीसरा वर्ष) विपिन खरकवाल, बी.ए. (ऑनर्स) एचजेएंडएमसी (दूसरा वर्ष) **दूसरा स्थान** सुदिती झा, बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य (दूसरा वर्ष)	**प्रथम स्थान** सुदिती झा, बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य (तीसरा वर्ष) विपिन खरकवाल, बी.ए. (ऑनर्स) एचजेएंडएमसी (तीसरा वर्ष) ज्योति, बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य (दूसरा वर्ष) **दूसरा स्थान**	**प्रथम स्थान** ज्योति, बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य (तीसरा वर्ष) **दूसरा स्थान** अपर्णा शर्मा, बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य (तीसरा वर्ष) **तीसरा स्थान** अंकित भदौरिया, सामाजिक

तीसरा स्थान पौरुष, बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य (दूसरा वर्ष) अनुराग मित्तल, बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य (तीसरा वर्ष)	अपर्णा शर्मा, बी.ए. (ऑनर्स) सामाजिक कार्य (दूसरा वर्ष)	कार्य (तीसरा वर्ष)

2.1 खेलकूद

खेलकूद में छात्रों की उपलब्धियां (2018-19)

खेलकूद	प्रतियोगिता का प्रकार	स्थान	व्यक्ति/विजेता टीम का नाम
शूटिंग	इंडियन स्क्वायड	-	आरजू
क्रिकेट	कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19	सहभागिता	शिवेंद्र कुमार शर्मा
वालीवाल	अंतर-कॉलेज बिट्स-पिलानी पीजीडीएवी एआरएसडी (ओपन टूर्नामेंट) सीनियर नेशनल	दूसरा स्थान प्रथम स्थान प्रथम स्थान प्रथम स्थान सहभागिता	कर्मवीर, अनुराग, विनय, अनिल, आकाश, राहुल, कपिल, शुभम राठी, शुभम, अभीर, अमित, आशुतोष, अनुराग
पीजपोलो (महिला)	जूनियर नेशनल	द्वितीय स्थान	दीक्षा, हर्शिका, अंजलि, वर्षा, सपना, सोनिया, तर्रनम
सॉफटबाल	अंतर-विश्विद्यालय कैम्प (चयनित)	भाग लिया	शिवम, कुलदीप, जतिल, शिलेंद्र, अमरजीत, दीप, अरशद, चंदन
फुटबाल	अंतर-विश्वविद्यालय कैम्प	चयनित	अर्जुन
बास्केट बाल	आईआईटी, कानपुर	चतुर्थ स्थान	रोहन, कनिष्क, रितिक, मयंक, प्रेय, राज, तुषार, अरिहंत, हर्पित, अभिजीत, टिशाया, शिवम
बेसबाल	अंतर-कॉलेज	द्वितीय स्थान	नवीन, शकील, उजेर खान, अभिनव कुमार, शाहिल, शिवम, कुलदीप, जतिल, शिलेंद्र, अमरजीत, दीप, अरशद, चंदन

शूटिंग	एआईयू (चयनित)	चयनित	आरजू, प्रतीक, रितेश तंवर
	अंतर-कॉलेज	द्वितीय स्थान	आरजू
	सीनियर नेशनल	चतुर्थ स्थान	प्रतीक, मनीष राणा, सृजन
	दिल्ली राज्य	प्रथम स्थान	रितेश तंवर

फुटबाल	अंतर-विश्वविद्यालय	वैभव त्यागी
क्रिकेट	अंतर-विश्वविद्यालय	संदीप सैनी, अंकुर तेवतिया
हैंडबाल	राज्य	सचिन
नेटबाल	राज्य	जसविंदर, राज, तुषार, सुमित

XIII. प्रत्येक पाठ्यक्रम का वर्ष-वार विवरण

शैक्षिक सत्र		2014			2015			2016			2017			2018		
पाठ्यक्रम का नाम	वर्ष	शामिल हुए छात्रों की सं.	प्रतिशतता		शामिल हुए छात्रों की सं.	प्रतिशतता		शामिल हुए छात्रों की सं.	प्रतिशतता		शामिल हुए छात्रों की सं.	प्रतिशतता		शामिल हुए छात्रों की सं.	प्रतिशतता	
			पास	प्रथम डिवीजन		पास	प्रथम डिवीजन		पास	प्रथम डिवीजन		पास	प्रथम डिवीजन		पास	प्रथम डिवीजन
बी.ए. (कार्यक्रम)	I	-	-	-	237	223	111	312	98.7	65.7	233	95.49	43.84	366	97.27	45.62
बी.ए. (कार्यक्रम)	II	260	98	49				231	94.3	72.2	293	97.99	55.85	309	99.67	67.96
बी.ए. (कार्यक्रम)	III	215	83	59	235	179	129	-	-		215	93.88	74.23	290	90	51.38
बी. कॉम	I	-	-	-	159	159	94	176	100	51.13	196	95	76	159	100	62
बी. कॉम	II	154	142	64	149	87	79	147	100	73	173	97	91.03	189	142	75
बी. कॉम	III	119	98	91	-	-	-	-	-	-	108	73	83.33	158	95	31
बी. कॉम (ऑनर्स)	I	227	219	155	103	103	41	120	100	60	136	100	45.58	112	98.21	66.07
बी. कॉम (ऑनर्स)	II	108	99	58	210	210	150	98	100	68.3	119	100	69.74	136	97.79	61.76
बी. कॉम (ऑनर्स)	III	105	80	73	109	74	69	209	98	81.3	93	94	74.74	119	93.27	69.74
बी.ए.(ऑनर्स) एच.जे.एम.सी.	I	28	100	57	58	58	37	68	100	86.76	58	95.08	50.81	62	98.39	45.16
बी.ए.(ऑनर्स) एच.जे.एम.सी.	II	25	100	48	28	28	08	58	98.2	70.6	69	100	60	58	100	50
बी.ए.(ऑनर्स) एच.जे.एम.सी.	III	32	81	63	25	25	17	28	100	57.10	56	96.55	74.13	68	98.53	63.24
बी.ए.(ऑनर्स) सामाजिक कार्य	I	63	96	59	49	94	39	59	98.3	54.23	62	86,8	38.7	54	54.44	50
बी.ए.(ऑनर्स) सामाजिक कार्य	II	56	100	39	63	90	37	47	85.74	53.19	54	100	64.8	63	100	46
बी.ए.(ऑनर्स) सामाजिक कार्य	III	52	59	35	54	76	54	59	94.91	54.23	46	97.87	56.52	53	94.33	74

बी.ए.(ऑनर्स) भू.	I	52	98	77	57	57	40	58	96.55	82.75	67	100	80	66	98.48	58
बी.ए.(ऑनर्स) भू.	II	52	51	77	87	87	76	54	98	90.74	56	100	69.64	63	100	45
बी.ए.(ऑनर्स) भू.	III	62	49	36	50	47	40	86	98.8	93	53	98.1	94.33	56	100	78.5
बी.ए.(ऑनर्स) बीई	I	58	58	88	47	47	14	58	100	56	44	95.6	27	60	96.6	39.6
बी.ए.(ऑनर्स) बीई	II	55	55	24	54	32	30	46	95	52	54	100	37	38	100	42.1
बी.ए.(ऑनर्स) बीई	III	33	26	25	58	58	39	58	100	86	41	89	56	55	80	50
बी.ए.(ऑनर्स) अनुप्रयुक्त मनो.	I	63	78	52	31	31	19	42	88	50	52	100	51.92	47	89.36	48.93
बी.ए.(ऑनर्स) अनुप्रयुक्त मनो.	II	26	26	08	46	46	45	29		79.3	34	100	76.47	52	96.15	67.30
बी.ए.(ऑनर्स) अनुप्रयुक्त मनो.	III	21	21	15	26	19	12	46		84	29	100	75.86	34	100	70.58
बी.ए.(ऑनर्स) इतिहास	I	-	-	-	-	-	-	-	-	-	53	100	50.94	44	97.7	51.1
बी.ए.(ऑनर्स) इतिहास	II	-	-	-	-	-	-	-	-	-	53	100	50.94	52	96.15	38
बी.ए.(ऑनर्स) अर्थशास्त्र	I	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	40	97.5	46.15
बी.ए.(ऑनर्स) हिंदी	I	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	44	90.9	47.5

XIV. कॉलेज प्रशासन

प्रधानाचार्य: डॉ. जी.के. अरोड़ा, **बुरसर**: डॉ.एम.एस. वत्स (9868726525); **प्राचार्य के वरिष्ठ निजी सहायक**: श्री राम कुमार (9810485929); **परामर्शदाता**: श्री वीर सिंह (9891339820); **अनुभाग अधिकारी (प्रशासन)**: सुश्री रमा सोइन (9868183503); **अनुभाग अधिकारी (लेखा):** श्री जोगेंद्र सिंह (9999598337); **रोकडिया**: श्री राजीव सक्सेना (9873104077)/ श्री अनिल कुमार (9013057477)

संयोजक, रैगिंग प्रतिरोधी: डॉ. संजय शर्मा (9810575333); **एनसीसी अधिकारी:** केयरटेकर, सेना विंग: डॉ. राजबीर वत्स (9968141409); केयरटेकर, सेना विंग (छात्राएं): सुश्री कणिका (9873645895); एएनओ, नेवल विंग: डॉ. अरविंद यादव (9810714856); **एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी:** डॉ. अवतार सिंह (9650733567); **समन्वयक, समान अवसर सैल:** डॉ. नीरव अदलजा (9968008007); **ओबीसी संपर्क अधिकारी:** डॉ. रविंद्र सिंह (9999570108); **अ.जा./अ.ज.जा. संपर्क अधिकारी:** श्री पुरुषोत्तम (9910056690); **नोडल अधिकारी, तंबाकू-प्रतिरोधी दल:** डॉ. अनविंद यादव (9810714856); **नोडल लोक शिकायत अधिकारी:** सुश्री सुनिता चाकी (9810446649); **संयोजक, रेड रिबन क्लब:** डॉ. ऋचा चौधरी (9868819799); **पूर्वोत्तर/ विदेशी छात्रों के लिए परामर्शी समिति एवं कल्याण कक्ष:** सुश्री एन. विक्टोरिया चानु (9891979365); **ईडब्ल्यूएस संपर्क अधिकारी:** डॉ. सरला भारद्वाज (9810428322); **नोडल अधिकारी, स्वच्छता अभियान :** डॉ. आर.पी. द्विवेदी (9868068787); **आईक्यूएसी समन्वयकर्ता:** डॉ. अतुल प्रताप सिंह (9868981107); **नोडल अधिकारी विकलांग व्यक्ति:** डॉ. नीरव अदलजा (9968008007)

XV. 2019-20 के लिए कॉलेज समितियां

स्टाफ परिषद सचिव : डॉ. आर.पी. द्विवेदी (8588922995)		
समितियां	**संयोजक**	**सह-संयोजक**
समय-सारणी	डॉ. सरला भारद्वाज (9810428322)	डॉ. प्रतिभा वर्मा (9871102001)
सांस्कृतिक	डॉ. तुलिका सनाध्य (9891013364)	डॉ. के.एन. बंसल (9810117278)
खेलकूद	डॉ. के.के. शर्मा (9718964963)	डॉ. ललित कुमार (9811197931)
विचार-विमर्श	डॉ. दिलजीत कौर (9811592966)	डॉ. अरविंद यादव (9810714856)
पत्रिका	डॉ. आर.पी. द्विवेदी (8588922995)	डॉ. मंजू एलावादी (9213434752)
एनएसएस	डॉ. अवतार सिंह (9650733567)	डॉ. इंदिवर मिश्रा (9811387420)
पुस्तकालय	डॉ. वी.पी. सिंह (9868031260)	डॉ. राजेंद्र प्रसाद (9968044903)
दाखिला	डॉ. नलिन कुमार (9891463008)	डॉ. नरेंद्र ठाकुर (9013715891)
कार्य भार	डॉ. तमाल दासगुप्ता (9999292586)	डॉ. बी.के. पांडे (9811949193)
छात्र कल्याण/ शुल्क रियायत	डॉ. मंजू ऐलावादी (9223434752)	डॉ. पुरुषोत्तम (9910056690)
छात्र अनुशासन	डॉ. अरविंद यादव (9810714856)	डॉ. प्रतिभा वर्मा (9871102001)
छात्र परिषद परामर्शी	डॉ. चित्रा रानी (9818880325)	डॉ. डी.के. पांडे (9811949193)
संगोष्ठी/सेमिनार सहभागिता	डॉ. जितेंद्र सरोहा (9899050870)	डॉ. आर.पी. द्विवेदी (8588922995)
दाखिला शिकायत	डॉ. सुदीप कुमार (8804063375)	डॉ. आर.पी. द्विवेदी (8588922995)

अन्य कॉलेज समितियां

समितियां	**संयोजक**	**सह-संयोजक**
कैंटीन	डॉ. सरला भारद्वाज (9810428322)	डॉ. वी.पी. सिंह (9868031260)
सत्यापन	डॉ. राजेश उपाध्याय (9811949193)	डॉ. आर.पी. द्विवेदी (8588922995)
बागबानी	डॉ. ललित कुमार (9811197931)	डॉ. के.के. शर्मा (9718964963)
प्लेसमेंट	डॉ. ललित कुमार (9811197931)	डॉ. तुष्टि भारद्वाज (9711474047)
पूर्व-छात्र क्लब	डॉ. राजबीर वत्स (9968141409)	डॉ. तुष्टि भारद्वाज (9711474047)
कंप्यूटर	श्री पुरुषोत्तम (9910056690)	डॉ. बी.एम. दाश (9910718789)

प्रयोगशाला विकास		
रेड रिबन क्लब	डॉ. ऋचा चौधरी (9868819799)	डॉ. ओम मिश्रा (8800470471)
तंबाकू-प्रतिरोधी	डॉ. अरविंद यादव (9810714856)	डॉ. ललित कुमार (9811197931)
समान अवसर सैल	डॉ. नीरव अदलजा (9968008007)	डॉ. ओम मिश्रा (8800470471)
केंद्रीय क्रय	श्री पुरुषोत्तम (9910056690)	डॉ. मोनिका अहलावत (9811588626)
विशेष श्रेणी दाखिला समर्थन	डॉ. धनंजय (अ.जा./अ.ज.जा., 9968456688); डॉ. रविंद्र सिंह (अ.पि.वर्ग, 9999570108); डॉ. ओम मिश्रा (ईओसी, 8800270471); डॉ. एन. विक्टोरिया चानु (पूर्वोत्तर/विदेशी, 9891979365); डॉ. सरला भारद्वाज (9810428322) (ईडब्ल्यूएस)	
जेंडर संवेदीकरण एवं महिला विकास	डॉ. मोनिका अहलावत (9811588626)	डॉ. जया वर्मा (9953210963)
पूर्वोत्तर सैल/विदेशी छात्र	डॉ. एन. विक्टोरिया चानु (9891979365)	डॉ. प्रतिभा वर्मा (9871102001)
विवरणिका	डॉ. इंदिवर मिश्रा (9811387420)	डॉ. सुनिता मलिक (9873015929)
परामर्श	डॉ. ऋचा चौधरी (9868819799)	डॉ. प्रतिभा वर्मा (9871102001)

अस्वीकरण

यह विवरणिका, संचालक (डॉ. इंदिवर मिश्रा), विवरणिका के माध्यम से, इसमें अंदर यथाउल्लिखित, भिन्न-भिन्न प्रशासनिक अनुभागों, कॉलेज समिति संचालकों और शिक्षक प्रभारियों से प्राप्त और संगृहीत इनपुटों/सामग्रियों का एक संकलन है। समिति की सहायता, गैर-अध्यापन स्टाफ से श्री कनिष्क नौटियाल द्वारा भी की गई। विश्वविद्यालय के स्रोतों से ली गई अन्य विषय-वस्तु, नियमों और उपबंधों, जो समय-समय पर परिवर्तन की शर्त के अधीन हैं, का पुन: प्रस्तुतीकरण और सूचना का संपादन करते समय उचित सतर्कता बरती गई है। यहां प्रस्तुत की गई सूचना केवल एक मोटी रूपरेखा है और निदर्शनात्मक है। इसका इस्तेमाल कानूनी उद्देश्यों के लिए नहीं किया जा सकता और न ही इसे सूचना की परिशुद्धता की वारंटी के रूप में माना जाना चाहिए। हालांकि प्रामाणिक सूचना उपलब्ध कराने के लिए हर सतर्कता बरती गई है, परंतु अनजाने में हुई किसी गलती और मुद्रण त्रुटियों के कारण पहुंची किसी हानि या क्षति के लिए कॉलेज जिम्मेदार नहीं होगा। इस विवरणिका के मुद्रित अंग्रेजी और हिंदी रूपांतर के बीच किसी विसंगति की स्थिति में अंग्रेजी रूपांतर को सही माना जाएगा और यही लागू होगा।

विवरणिका का हिंदी संस्करण कॉलेज की वेबसाइट drambedkarcollege.ac.in पर उपलब्ध है।

चित्र

महत्वपूर्ण उपलब्धियां

1991	2019
पाठ्यक्रमों की संख्या - 3	पाठ्यक्रमों की संख्या - 11
छात्रों की संख्या - 150	छात्रों की संख्या - 3100
संकाय सदस्यों की संख्या - 10	संकाय सदस्यों की संख्या - 123